शर्मा हार्डवेर
SHARMA HARDWARE
Sharma Gali, SJ Road
Athgaon, Guwahati-01
98648-02947
70025-06581

E-Paper : www.goodluckpublications.com, • www.vbslive.in
हिंदी दैनिक
गुवाहाटी, नई दिल्ली, शिमला और जम्मू से एकसाथ प्रकाशित

राष्ट्र निर्माण में प्रयत्नशील

# विकसित भारत समाचार

वर्ष : 10 | अंक : 167 | गुवाहाटी | शनिवार, 13 जनवरी, 2024 | मूल्य : 10 रुपए | पृष्ठ : 8 | VIKSIT BHARAT SAMACHAR | Regd. RNI No. ASSHIN/2014/56526

रूस के साथ जारी रहेगा युद्ध : जेलेंस्की पेज 2
एनसी हिल्स चुनाव में भाजपा को बहुमत, शून्य पर सिमटी कांग्रेस पेज 3
भारत की जो सीमा राम और कृष्ण ने तय की थी वही आज भी है : योगी आदित्यनाथ पेज 5
आगामी विश्व कप के लिए रोहित और विराट को शामिल करना चाहिये : रैना पेज 7

## गुवाहाटी देश में जैव-विज्ञान अनुसंधान का केंद्र : सीएम



**गुवाहाटी ( हि.स. )।** राज्य के स्वास्थ्य बुनियादी ढांचे में एक और ताकत जोड़ते हुए केंद्रीय रसायन, उर्वरक, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री, डॉ मनसुख मंडाविया ने चांगसारी में आयोजित एक समारोह में मुख्यमंत्री डॉ हिमंत बिस्व सरमा की उपस्थिति में राष्ट्रीय फार्मास्युटिकल शिक्षा और अनुसंधान संस्थान (एनआईपीईआर) के नए परिसर का उद्घाटन किया। गौरतलब है कि कामरूप के चांगसारी में स्थित, 27688 वर्ग मीटर में फैला एनआईपीईआर का नया परिसर कुल 157 करोड़ रुपए की लागत से बनाया गया है। एनआईपीईआर गुवाहाटी के समर्पण के साथ, एनआईपीईआर हैदराबाद और रायबरेली और असम में कई हेल्थकेयर इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं की आधारशिला भी रखी गई। प्रधानमंत्री-आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन (पीएम-एबीएचआईएम) के तहत कई करोड़ रुपये की परियोजनाएं शुरू होंगी और प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना (पीएमएसएसवाई) के तहत असम मेडिकल कॉलेज के विकास के लिए 150 करोड़ रुपये के अन्य परिव्यय को मंजूरी दी गई है। स्वास्थ्य देखभाल बुनियादी ढांचा परियोजनाओं में, नाकाचारी बीपीएचसी, जोरहाट में ब्लॉक प्राथमिक स्वास्थ्य इकाई का उद्घाटन, कोकराझाड़ मेडिकल कॉलेज, कोकराझाड़ में 100 बिस्तरों वाला एमसीएच विंग, नलबाड़ी जिले के घोगरापार बीपीएच में ब्लॉक प्राथमिक स्वास्थ्य इकाई, -शेष पृष्ठ दो पर

## देश बदलेगा भी और बढ़ेगा भी

### अटल सेतु के उद्घाटन के बाद बोले पीएम मोदी



**मुंबई।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज महाराष्ट्र के दौरे पर हैं। महाराष्ट्र में अटल सेतु के अलावा पीएम ने कई योजनाओं का तोहफा दिया है। उन्होंने कहा कि आज का दिन मुंबई और महाराष्ट्र के साथ ही विकसित भारत के संकल्प के लिए ऐतिहासिक है। आज दुनिया के सबसे बड़े पुल में से एक अटल सेतु देश को मिला है। आज का ये कार्यक्रम संकल्प से सिद्धि का प्रणाम है। उन्होंने कहा कि 24 दिसंबर 2016 का दिन मैं नहीं भूल सकता। जब मैं अटल सेतु के शिलान्यास के लिए यहां आया था। तब मैंने छत्रपति शिवाजी को नमन करते हुए कहा था कि लिखकर रखिए... देश बदलेगा भी और देश बढ़ेगा भी। पीएम ने कहा कि ये मोदी की गारंटी थी और आज मैं फिर छत्रपति शिवाजी को नमन करते हुए, सिद्धि विनायक जी को प्रणाम करते हुए यह अटल सेतु मुंबई और देश के लोगों को समर्पित कर रहा हूं। उन्होंने कहा कि हमारे लिए शिलान्यास, भूमिपूजन, उद्घाटन, लोकार्पण सिर्फ एक दिन का कार्यक्रम भर -शेष पृष्ठ दो पर

## कोरोना : जेएन.1 वेरिएंट 1000 के पार

**नई दिल्ली।** देश में कोरोना वायरस के नए वेरिएंट जेएन.1 अब रफ्तार पकड़ रहा है। शुक्रवार को दर्ज हुए ताजा मामलों के बाद देश में कुल मरीजों की संख्या 1000 के पार हो गया। अब तक 16 से अधिक राज्य और केंद्रशासित प्रदेशों में जेएन.1 के मामले दर्ज हो चुके हैं। सार्स-कोव-2 जीनोमिक्स कंसोर्टियम (इनसाकोग) द्वारा के आंकड़ों के मुताबिक, कर्नाटक में सबसे अधिक 214 मामले दर्ज हुए हैं। इसके बाद महाराष्ट्र में 170, केरल में 154, आंध्र प्रदेश में 189, गुजरात में 76 और गोवा में 66 -शेष पृष्ठ दो पर

## अमृतकाल युवाओं के लिए स्वर्ण युग है : प्रधानमंत्री



**नई दिल्ली ( हि.स. )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आजादी के अमृतकाल को देश के युवाओं के लिए स्वर्ण युग बताते हुए कहा कि आज युवाओं के पास इतिहास में अपना नाम दर्ज कराने का मौका है। प्रधानमंत्री ने शुक्रवार को महाराष्ट्र के नासिक में 27वें राष्ट्रीय युवा महोत्सव का उद्घाटन किया। महोत्सव की थीम विकसित भारत@2047 : युवा के लिए, युवा के द्वारा है। राष्ट्रीय युवा महोत्सव प्रत्येक वर्ष 12 से 16 जनवरी तक आयोजित किया जाता है। 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद की जयंती है। इस वर्ष इस महोत्सव की मेजबानी महाराष्ट्र कर रहा है। इस मौके पर प्रधानमंत्री ने विपक्ष पर हमला बोलते हुए वंशवाद की राजनीति को देश के लिए घातक बताते हुए युवाओं से राजनीति में आने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि भारत आज शीर्ष पांच वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं में से एक है और यह युवा शक्ति के कारण संभव हुआ है। पहली बार मतदान करने वाले युवा हमारे लोकतंत्र में नई ऊर्जा और शक्ति ला सकते हैं। उन्होंने कहा कि भारत लोकतंत्र की जननी है। लोकतंत्र में युवाओं की -शेष पृष्ठ दो पर

পূৰ্বাঞ্চল কেশৰী
(असमीया दैनिक)
PURVANCHAL KESARI
(ASSAMESE DAILY)
GOOD LUCK PUBLICATIONS
House No. 30, D. Neog Path,
ABC, Guwahati - 781005
Mob: 94350 14771, 97070 14771

## असम विस के बजट सत्र की तैयारियां शुरू

**गुवाहाटी ( हि.स. )।** असम विधानसभा का बजट सत्र 5 फरवरी से 28 फरवरी तक आयोजित करने की तैयारी शुरू हो गई है। डॉ. हिमंत विश्व शर्मा के मुख्यमंत्रित्व में आयोजित होने वाला यह तीसरा सत्र है। वित्त मंत्री अजंता नियोग 12 फरवरी को बजट पेश करेंगी, जिसमें विधान सभा में महत्वपूर्ण मामलों पर चर्चा और बहस की जाएगी। आधिकारिक सूत्रों ने कहा कि बहुविवाह पर प्रतिबंध लगाने और माजुली, बटद्रवा और बरपेटा को संरक्षित बेल्ट और ब्लॉक घोषित करने पर ध्यान केंद्रित करने वाले प्रस्तावित विधेयकों को विधानसभा सत्र के दौरान मंजूरी मिलने की उम्मीद है। सत्र के दौरान बजट से संबंधित गतिविधियां होंगी, जिसमें 12 फरवरी को असम सरकार की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की जाएगी। 13 फरवरी को वित्तीय प्रो-स्टेटमेंट (संभावित बजट) का अनावरण किया जाएगा, जिसके बाद बजट पर दो दिनों की सामान्य चर्चा होगी। सत्र के दौरान 15 से 20 फरवरी तक विभागीय चर्चाओं को प्राथमिकता दी जाएगी, क्योंकि प्रत्येक विभाग को विधायकों की जांच और सवालों का सामना करना पड़ता है। -शेष पृष्ठ दो पर

## असम के साथ सीमा समझौता के लिए मिजोरम की कमेटी गठित



**एजल ( हि.स. )।** असम-मिजोरम सीमा विवाद को सुलझाने के लिए आज मिजोरम सरकार ने एक समिति गठित की। राज्य के गृहमंत्री के सापडांगा को इस समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। जबकि, राज्य के वन एवं पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन मंत्री लालथनसांगा को समिति का उपाध्यक्ष एवं गृह सचिव एच लालेंगमाविया को समिति का मेंबर सेक्रेटरी बनाया गया है। इनके साथ ही समिति के सदस्यों में मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार लालमुआनपुइया पुंटे, मुख्य सचिव, डीजीपी आदि शामिल हैं। प्रोफेसर जोसेफ के लालफकजुआला, राजनीतिक दलों- एमएनई, भाजपा, आप, कांग्रेस और जेडपीएम से एक-एक प्रतिनिधि, गैर सरकारी संगठनों-एमजेडपी, सीवाईएमए, एनजीओसीसी, एमएसयू, एमयूपी तथा एमएचआई से एक-एक प्रतिनिधि, इनर लाइन वन आरक्षण मांग को लेकर बनी ज्वाइंट एक्शन कमेटी के साथ ही राज्य के प्रतिनिधियों को इस समिति में सदस्य के रूप में शामिल किया गया है। मिजोरम के मुख्यमंत्री लालदुहोमा के इस महीने दोनों राज्यों के बीच के सीमा मुद्दों पर चर्चा के लिए असम के मुख्यमंत्री डॉ हिमंत विश्व शर्मा से मिलने की संभावना है। लालदुहोमा ने आज मीडिया को बताया कि 19 जनवरी को शिलांग में होने वाले पूर्वोत्तर परिषद की बैठक के दौरान उनके बीच इस मसले पर चर्चा होने की संभावना है। दोनों नेता दोनों राज्यों के बीच लंबे समय से चले आ रहे विवाद को सुलझाने के लिए सीमा मुद्दों पर चर्चा करेंगे। इस बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह करेंगे। ज्ञात हो कि मिजोरम की असम के -शेष पृष्ठ दो पर

## माघ बिहू, मकर संक्रांति लोहड़ी और पोंगल की राष्ट्रपति ने दीं शुभकामनाएं

**नई दिल्ली ( हि.स. )।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने देशवासियों को लोहड़ी, मकर संक्रांति, माघ बिहू और पोंगल (जो क्रमश: 13, 14 और 15 जनवरी को आते हैं) की पूर्व संध्या पर शुभकामनाएं दी हैं। राष्ट्रपति ने शुक्रवार को एक संदेश में कहा कि लोहड़ी, मकर संक्रांति, माघ बिहू और पोंगल के शुभ अवसर पर मैं देश और विदेश में रह रहे सभी देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं देती हूं। उन्होंने कहा कि ये पर्व हमारी सांस्कृतिक विरासत के जीवंत रूप -शेष पृष्ठ दो पर

Door graph
Premium Quality Hinges
S.S. Traders
Suppliers in : All kinds of Door Fittings Modular Kitchen & Accessories, etc.
D. Neog Path, Near Dona Planet ABC, G.S. Road, Guwahati - 05
97079-99344

## पावर प्लांट में ईंधन लीक की घटना को लेकर सरकार गंभीर




**इंफाल।** इंफाल घाटी में स्थित एक पावर प्लांट में ईंधन लीक की घटना को मणिपुर सरकार ने पूरी गंभीरता से लिया है। सरकार ने घटना की विस्तृत जांच के लिए तीन सदस्यीय कमेटी का गठन किया है। इस कमेटी की अध्यक्षता एडिशनल डीजीपी (खुफिया) आशुतोष कुमार सिन्हा करेंगे और इस कमेटी के अन्य सदस्यों में ऊर्जा सचिव शैलेश कुमार चौरसिया और अतिरिक्त सचिव गृह विभाग एम प्रदीप सिंह शामिल हैं। सरकार ने इसे लेकर गुरुवार को नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। नोटिफिकेशन में कहा गया है कि जांच समिति इस बात की जांच करेगी कि किन परिस्थितियों में ईंधन का लीकेज हुआ। साथ ही जांच कमेटी प्लांट की सुरक्षा और सेफ्टी को लेकर सुझाव भी देगी। -शेष पृष्ठ दो पर

## कांग्रेस के तीन सांसदों का लोस से निलंबन होगा वापस

**नई दिल्ली ( हि.स. )।** लोकसभा की विशेषाधिकार समिति ने प्रस्ताव किया है कि कांग्रेस पार्टी के तीन सांसदों अब्दुल खालिक, विजय वसंत और के जयकुमार का निलंबन रद्द किया जाना चाहिए। तीनों ने सदन के अंदर अपने आचरण के लिए बिना शर्त माफी मांगी है। भाजपा सदस्य सुनील कुमार सिंह की अध्यक्षता वाली समिति ने कांग्रेस सदस्यों के बयान दर्ज करने के बाद इस प्रस्ताव को अपनाया है। तीनों को पिछले साल 18 दिसंबर को -शेष पृष्ठ दो पर

## बंगाल के साथ वेस्ट लिखने की क्या जरूरत : ममता



**कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस प्रमुख और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी अपने राज्य का नाम बदलकर *बांग्ला* करना चाहती हैं। उनका तर्क है कि चूंकि पश्चिम बंगाल वर्णमाला सूची में सबसे नीचे आता है, इसलिए इसके प्रतिनिधियों को केंद्रीय बैठकों के दौरान अंत तक इंतजार करने के लिए मजबूर होना पड़ता है। अपने नए आह्वान में बनर्जी ने बताया कि अतीत में भी बॉम्बे और उड़ीसा के नाम बदले गए थे और उन्होंने भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार से उनके प्रस्ताव पर विचार करने का आग्रह किया। ममता ने कहा कि हमने पहले अपने राज्य का नाम बदलने के लिए विधानसभा में एक विधेयक पारित किया है। हमने उन्हें हर तरह का स्पष्टीकरण दिया है। लेकिन लंबे समय तक उन्होंने हमारे राज्य का नाम बदलकर बांग्ला नहीं किया। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि बॉम्बे का नाम बदलकर मुंबई, उड़ीसा का ओडिशा कर दिया गया...लेकिन हमारा क्यों नहीं बदला जा सकता? हमारी गलती क्या है। नाम बदलने से राज्य को होने -शेष पृष्ठ दो पर

### सुप्रभात

*वो जो अपने परिवार से अति लगाव रखता है भय और दुख में जीता है। सभी दुखों का मुख्य कारण लगाव ही है, इसलिए खुश रहने के लिए लगाव का त्याग आवश्यक है।*

**- आचार्य चाणक्य**

### न्यूज गैलरी

## चुनाव आयुक्तों की नई नियुक्तियों पर रोक नहीं : एससी

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को उस नए कानून पर रोक लगाने से इनकार कर दिया, जिसमें बिना प्रधान न्यायाधीश वाली समिति द्वारा मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति का प्रविधान है। जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की पीठ हालांकि नए कानूनों को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई को तैयार हो गई और केंद्र सरकार को नोटिस जारी -शेष पृष्ठ दो पर

## सोनिया गांधी जब ममता को फोन करेंगी तभी कांग्रेस को तीसरी सीट मिलेगी : टीएमसी



**कोलकाता।** अंदरखाने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की पार्टी का कांग्रेस के साथ *गठबंधन वार्ता* शुरू की है। हाल ही में *बैक चैनल* चर्चा में तृणमूल नेतृत्व ने कांग्रेस से कहा कि वे अधिक से अधिक तीन सीटें छोड़ सकती है। इस तीन सीटों के बदले कांग्रेस को असम और मेघालय तीन सीटें देनी होगी। कांग्रेस गठबंधन समिति से अलग से बैठक के लिए ममता अपनी पार्टी के किसी नेता को दिल्ली नहीं भेजेंगी। तृणमूल सूत्रों के मुताबिक, कांग्रेस को बता दिया गया है कि पिछली लोकसभा चुनाव में जीती दो सीटों (बहरामपुर और मालदा दक्षिण) पर तृणमूल अपने उम्मीदवार नहीं उतारेगी। कांग्रेस ने जवाब दिया कि दो की संख्या बहुत कम है। इस पर तृणमूल की ओर से कहा गया कि अगर कांग्रेस नेता सोनिया गांधी ममता बनर्जी से सीधा अनुरोध करें तो एक और सीट (जहां पिछली बार भाजपा जीती थी) कांग्रेस को दी जा सकती है। तृणमूल इस अतिरिक्त सीट की पहचान *शिष्टाचार सीट* के रूप में कर रही है। उस स्थिति में तृणमूल मेघालय (जहां तृणमूल का मतदान प्रतिशत कांग्रेस से अधिक है) और असम में -शेष पृष्ठ दो पर

## जापान ने किया रॉकेट एच2ए लॉन्च



**टोक्यो ( हि.स. )।** जापान ने उत्तर कोरिया की सैन्य गतिविधियों पर नजर रखने और प्राकृतिक आपदाओं पर प्रतिक्रिया में सुधार करने के अपने मिशन पर शुक्रवार को सरकारी खुफिया जानकारी एकत्र करने वाले उपग्रह को ले जाने वाला एक रॉकेट एच2ए लॉन्च किया। यह जानकारी स्थानीय समाचार पत्र जापान टुडे की रिपोर्ट में दी गई। जापान टुडे की रिपोर्ट के अनुसार, इसका प्रक्षेपण मित्सुबिशी हैवी इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने किया। यह टोक्यो के टोही प्रयास के हिस्से के रूप में ऑप्टिकल कोगाकु-8 उपग्रह को लेकर दक्षिण-पश्चिमी जापान के तनेगाशिमा अंतरिक्ष केंद्र से रवाना हुआ। यह उपग्रह खराब मौसम में भी तस्वीरें खींच सकता है। 1988 में उत्तर कोरियाई मिसाइल के जापान के ऊपर से उड़ान भरने के बाद जापान ने -शेष पृष्ठ दो पर

**CLASSIFIED**

For all kinds of classified advertisements please contact
**97070-14771**
**86382-00107**

**MURTI AVAILABLE**

Available all kinds of Marble & White Metal Murties, Ganesh Laxmi, Radha Krishna, Bishnu-Laxmi, Hanuman, Maa Durga, Saraswati, Shivling, Nandi etc. **ARTCLE WORLD,** S-29, 2nd Floor, Shoppers Point, Fancy Bazar, Guwahati-01, **Ph. : 94350-48866, 94018-06952**

# रूस के साथ जारी रहेगा युद्ध : जेलेंस्की

**तालिन ( हि.स. )।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने गुरुवार को कहा कि रूस के साथ यूक्रेन का युद्ध जारी रहेगा, वे दुश्मन को तैयारी करने की छूट नहीं देंगे। एस्टोनिया की यात्रा के दौरान जेलेंस्की ने संघर्ष विराम की संभावना से इनकार करते हुए कहा कि रूस संघर्ष विराम का इस्तेमाल यूक्रेन के सैनिकों के खिलाफ हथियारों को कमी को पूरा करने और सेना को फिर से संगठित करने में करेगा। जेलेंस्की ने कहा कि यूक्रेनी युद्धक्षेत्र में हमलों पर विराम का मतलब युद्ध विराम नहीं होगा। उन्होंने कहा कि संघर्ष विराम रूस को फायदा पहुंचाएगा और बाद में हमारे लिए खतरनाक साबित हो सकता है।



रूस द्वारा फरवरी 2022 में पूर्ण युद्ध शुरू किए जाने के बाद से सीमित युद्ध विराम के कई बार प्रस्ताव किए गए पर इन पर कभी अमल नहीं किया गया। जेलेंस्की ने कहा कि रूस को उत्तर कोरिया से तोप के गोले व मिसाइलें, जबकि ईरान से ड्रोन मिल रहे हैं। चार जनवरी को व्हाइट हाउस ने अमेरिकी खुफिया अधिकारियों के हवाले से कहा था कि रूस ने उत्तर कोरिया से बैलिस्टिक मिसाइलें हासिल की हैं और वह उन्हें ईरान के रास्ते मंगा रहा है। जेंलेंस्की बाल्टिक देशों के दो दिवसीय दौरे के हिस्से के रूप में एस्टोनिया की राजधानी तालिन पहुंचे थे, जो यूक्रेन के कट्टर समर्थकों में से एक है।

# सीडीएस ने एनसीसी कैडेट्स का शानदार बैंड प्रदर्शन देखा

**नई दिल्ली ( हि.स. )।** चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने शुक्रवार को दिल्ली कैंट में चल रहे एनसीसी गणतंत्र दिवस शिविर का दौरा किया। एनसीसी के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल गुरबीरपाल सिंह ने उनका स्वागत किया। एनसीसी के तीनों विंग यानी सेना, नौसेना, वायु सेना से आए कैडेट्स के गार्ड ऑफ ऑनर की समीक्षा करके सीडीएस गदगद हुए। इसके बाद पिलानी (राजस्थान) के बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस की कैडेट्स ने शानदार बैंड का प्रदर्शन किया। चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ ने प्रभावशाली *गार्ड ऑफ ऑनर* और बेदाग ड्रिल प्रस्तुत करने के लिए एनसीसी कैडेट्स को सराहा। उन्होंने कहा कि एनसीसी *एकता और अनुशासन* के अपने आदर्श वाक्य के अनुरूप है। अब यह मामूली शुरुआत से 17 लाख से अधिक कैडेट्स के साथ दुनिया का सबसे बड़ा वर्दीधारी युवा संगठन बन गया है। उन्होंने देश के युवाओं में अनुशासन, नेतृत्व और सौहार्द्र के गुण विकसित करने में एनसीसी के योगदान की सराहना की। उन्होंने राष्ट्र निर्माण में एनसीसी कैडेटों के सराहनीय प्रयासों और अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस, हर घर तिरंगा, पुनीत सागर अभियान और अन्य समान पहल जैसी गतिविधियों में उनके महत्वपूर्ण योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने खेल और साहसिक गतिविधियों में एनसीसी कैडेट्स की भागीदारी का भी उल्लेख किया। उन्हें उन उपलब्धियों के बारे में जानकर खुशी हुई, जहां एनसीसी कैडेट टीमों ने सुब्रतो कप और जवाहर लाल नेहरू हॉकी चैंपियनशिप में भाग लिया था।

# हमारा मकसद किसी धर्म को दुख पहुंचाना नहीं : खड़गे

**नई दिल्ली ( हि.स. )।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि हमारा मकसद किसी धर्म को दुख पहुंचाना नहीं है। भगवान राम के दर्शन करने कोई कभी भी जा सकता है। उसके लिए किसी के आमंत्रण की जरूरत नहीं है। राम मंदिर कार्यक्रम में शामिल होने के लिए उन्हें जो निमंत्रण मिला है, वह व्यक्तिगत है। इस मुद्दे पर वह बाद में बात करेंगे। खड़गे ने शुक्रवार को मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि राम मंदिर को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) राजनीति कर रही है। वह मूल मुद्दों से लोगों का ध्यान भटकाने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा कि राम मंदिर आमंत्रण को लेकर पार्टी ने अपना पक्ष साझा किया है। ड़गे ने कहा कि भाजपा की ओर से ध्यान भटकाने के नैरेटिव की वजह से कांग्रेस पार्टी जनता के मुद्दे नहीं छोड़ेगी। हम पूछना चाहते हैं कि मोदी सरकार ने बेरोजगार युवाओं के लिए क्या काम किया? महंगाई के बारे में क्या कदम उठाए? बॉर्डर पर चीनी घुसपैठ पर क्या बोला? खड़गे ने कहा कि हमें दलितों, आदिवासियों, पिछड़े वर्ग और समाज के गरीब तबके की चिंता है, जो भाजपा को नहीं है। उल्लेखनीय है कि कांग्रेस नेता मल्लिकार्जुन खड़गे पार्टी की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी व अधीर रंजन चौधरी को राम मंदिर कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आमंत्रण मिला था। इसे कांग्रेस ने अस्वीकार कर दिया। कांग्रेस के इस कदम को भाजपा ने राम विरोधी करार दिया है।

# पृष्ठ एक का शेष

## गुवाहाटी देश में ...

खोइराबारी बीपीएचसी, उदालगुड़ी में ब्लॉक प्राथमिक स्वास्थ्य इकाई का उद्घाटन शामिल है। कोकराझाड़ जिले के गोसाईगांव बीपीएचसी में ब्लॉक प्राथमिक स्वास्थ्य इकाई, मोरीगांव जिले के लहोरीघाट बीपीएचसी में ब्लॉक प्राथमिक स्वास्थ्य इकाई, नगांव जिले के बारापुजिया बीपीएचसी में ब्लॉक प्राथमिक स्वास्थ्य इकाई, शिवसागर सिविल अस्पताल, शिवसागर में 100 बिस्तरों वाला एमसीएच विंग, ब्लॉक प्राथमिक स्वास्थ्य इकाई मुशालपुर बीपीएचसी, बाक्सा जिले में बल्लामगुरी बीपीएचसी, चिरांग जिले में ब्लॉक प्राथमिक स्वास्थ्य इकाई का उद्घाटन एक ही कार्यक्रम में किया गया। इसके अलावा, इस अवसर पर आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन के तहत 16 स्वास्थ्य अवसंरचना परियोजनाओं की नींव भी रखी गई। अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नगालैंड और त्रिपुरा में विभिन्न हेल्थकेयर इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं का राष्ट्र को समर्पण, उद्घाटन और शिलान्यास भी किया गया। इस अवसर पर बोलते हुए, मुख्यमंत्री डॉ. सरमा ने कहा कि उन्हें चांगसारी में नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मास्युटिकल एजुकेशन एंड रिसर्च के नए परिसर के उद्घाटन समारोह का हिस्सा बनकर खुशी हो रही है। उन्होंने कहा कि असम और अन्य पूर्वोत्तर राज्यों में स्वास्थ्य बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का समर्पण, उद्घाटन और शिलान्यास क्षेत्र के लोगों के स्वास्थ्य और कल्याण के लिए वरदान है। इस अवसर पर उन्होंने असम को अभूतपूर्व वृद्धि और विकास के पथ पर ले जाने में उनके नेतृत्व के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त किया। प्रधानमंत्री के कारण पूर्वोत्तर भारत और देश के अन्य हिस्सों के बीच भावनात्मक संबंध मजबूत होकर राष्ट्र की मुख्यधारा में आ गया है। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि अमृत काल में असम और अन्य पूर्वोत्तर राज्यों को प्रस्तुत स्वास्थ्य बुनियादी ढांचा देश के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा। इससे असम और अन्य पूर्वोत्तर राज्यों को भी देश की विकास यात्रा में योगदान देने में मदद मिलेगी। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि ब्रह्मपुत्र के उत्तरी तट पर एम्स, एनआईपीईआर, राष्ट्रीय फोरेंसिक विज्ञान विश्वविद्यालय के गुवाहाटी परिसर जैसे सभी महत्वपूर्ण स्वास्थ्य संस्थानों के साथ, कामरूप जिला राज्य का महत्वपूर्ण स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता बन रहा है। इसके अलावा, आईआईटी, एम्स, एनआईपीईआर के नए परिसर और राष्ट्रीय फोरेंसिक विज्ञान विश्वविद्यालय के आगामी परिसर के साथ-साथ गुवाहाटी शहर को देश में जैव विज्ञान अनुसंधान के एक प्रमुख केंद्र के रूप में उभरने में मदद कर रहा है। यह ध्यान दिया जा सकता है कि फार्मास्यूटिकल्स विभाग के तत्वावधान में राष्ट्रीय महत्व के संस्थानों के रूप में सात राष्ट्रीय फार्मास्युटिकल शिक्षा और अनुसंधान संस्थान (एनआईपीईआर) मोहाली, अहमदाबाद, गुवाहाटी, हाजीपुर, हैदराबाद, कोलकाता और रायबरेली में रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा समय-समय पर संशोधित एनआईपीईआर अधिनियम, 1998 के तहत स्थापित किए गए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि संस्थानों से अपेक्षा की जाती है कि वे फार्मास्युटिकल शिक्षा और अनुसंधान में गुणवत्ता और उत्कृष्टता का पोषण और प्रचार करें, फार्मास्युटिकल शिक्षा में मास्टर, डॉक्टरेट और पोस्ट-डॉक्टरल पाठ्यक्रम और अनुसंधान संचालित करें। अनुसंधान और प्रशिक्षण करने में एक बहु-विषयक दृष्टिकोण विकसित करें। फार्मास्युटिकल जनशक्ति, केंद्रीय रसायन एवं उर्वरक तथा नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा राज्य मंत्री भगवंत खुबा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री केशब महंत भी उद्घाटन समारोह में उपस्थित थे। कार्यक्रम में त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा भी वर्चुअली शामिल हुए।

## देश बदलेगा भी ...

नहीं होता और ना ही मीडिया में आने के लिए और जनता को रिझाने के लिए होता है। हमारे लिए हर प्रोजेक्ट भारत के नवनिर्माण का माध्यम है। उन्होंने कहा कि अटल सेतु, विकसित भारत की तस्वीर है। विकसित भारत कैसा होने वाला है, उसकी एक झलक है। विकसित भारत में सबके लिए सुविधा होगी, सबकी समृद्धि होगी, गति होगी, प्रगति होगी, दूरियां सिमटेंगी और देश का कोना-कोना जुड़ेगा। मोदी ने कहा कि जीवन हो या आजीविका, सब कुछ निरंतर, बिना रुकावट के चलेगा। यही तो अटल सेतु का संदेश है। उन्होंने यह भी कहा कि यह हमारे लिए उदाहरण है कि विकास के लिए हम समुद्र से भी लड़ सकते हैं। उन्होंने कहा कि उज्ज्वला योजना हो, आयुष्मान भारत के तहत 5 लाख रुपए तक के मुफ्त इलाज की सुविधा हो, जन धन खाते हों, पीएम आवास के पक्के घर हों, घरों की रजिस्ट्री महिलाओं के नाम हो, गर्भवती महिलाओं के बैंक खाते में 6 हजार रुपए भेजना हो, नौकरी करने वाली महिलाओं को वेतन के साथ 26 हफ्ते की छुट्टी देना हो, सुकन्या समृद्धि खातों के माध्यम से ज्यादा से ज्यादा ब्याज देना हो, हमारी सरकार ने महिलाओं का खास ध्यान रखा है। मोदी ने मुंबई में ईस्टर्न फ्रीवे ऑरेंज गेट को मरीन ड्राइव से जोड़ने वाली भूमिगत सड़क सुरंग की आधारशिला रखी। उन्होंने मुंबई में सांताक्रूज इलेक्ट्रॉनिक एक्सपोर्ट प्रोसेसिंग जोन में रत्न और आभूषण क्षेत्र के लिए सुविधा केंद्र का उद्घाटन किया। मोदी ने महाराष्ट्र में महिलाओं को कौशल विकास प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए नमो महिला सशक्तिकरण अभियान शुरू किया। प्रधानमंत्री मोदी ने ठाणे-वाशी/पनवेल ट्रांस-हार्बर लाइन पर नए उपनगरीय रेलवे स्टेशन दीघा गांव का उद्घाटन किया। मोदी ने मुंबई में खार रोड और गोरेगांव रेलवे स्टेशनों के बीच नई छठी लाइन का उद्घाटन किया। मोदी ने कहा कि अटल सेतु ट्रांस हार्बर लिंक बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में भारत की शक्ति को प्रदर्शित करता है, यह बताता है कि देश विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि 10 साल पहले, हजारों, लाखों करोड़ रुपए के मेगा स्केम्स की चर्चा होती थी। आज हजारों करोड़ रुपए के मेगा प्रोजेक्ट्स के पूरा होने की चर्चा होती है। उन्होंने कहा कि आज एक तरफ, गरीब का जीवन बेहतर बनाने के लिए महा-अभियान हैं, तो दूसरी तरफ, देश के कोने-कोने में चल रही महा-परियोजनाएं हैं। हम अटल पेंशन योजना भी चला रहे हैं और अटल सेतु भी बना रहे हैं। हम आयुष्मान भारत योजना भी चला रहे हैं और वंदेभारत-अमृतभारत ट्रेनें भी बना रहे हैं। हम पीएम किसान सम्मान निधि भी दे रहे हैं और पीएम गतिशक्ति भी बना रहे हैं।

## कोरोना : जेएन.1 वेरिएंट...

मामले सामने आए हैं। वहीं, तेलंगाना और राजस्थान में 32-32 जेएन.1 के मामले मिले हैं। इसके साथ ही छत्तीसगढ़ में 25, तमिलनाडु में 22, दिल्ली में 16, उत्तर प्रदेश में 6, हरियाणा में पांच, ओडिशा में तीन, पश्चिम बंगाल में दो और उत्तराखंड में एक मामला दर्ज किया गया है। बता दें कि अब तक 16 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में जेएन.1 के कुल 1,013 मरीज मिले हैं। देश में नए मामलों में वृद्धि को देखते हुए सभी राज्यों को लगातार निगरानी बनाए रखने के लिए कहा गया है, ताकि किसी भी खतरे से निपटा जा सके। केंद्र सरकार ने राज्यों से आग्रह किया है कि केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा जारी दिशानिर्देशों का पालन करें। इसके अलावा इन्फ्लूएंजा जैसी बीमारी (आईएलआई) और गंभीर तीव्र श्वसन बीमारी (एसएआरआई) पर भी नजर रखने के लिए कहा गया है। केंद्र ने सभी राज्यों से जिलेवार मामलों की निगरानी के लिए कहा है। बता दें कि विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने जेएन.1 वेरिएंट को अगर प्रकार के रूप में चिह्नित किया है। हालांकि, डब्ल्यूएचओ ने इसे कम जोखिम के श्रेणी में रखा है।

## अमृतकाल युवाओं के...

भागीदारी जितनी अधिक होगी, देश का भविष्य उतना ही बेहतर होगा। युवा सक्रिय राजनीति में आएंगे तो वंशवाद की राजनीति कम होगी। वंशवादी राजनीति के कारण देश को बहुत नुकसान हुआ है। प्रधानमंत्री ने देशवासियों से अयोध्या में 22 जनवरी को श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के उद्घाटन से पहले तमाम मंदिरों और तीर्थस्थलों में स्वच्छता अभियान चलाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि मैंने आह्वान किया था कि 22 जनवरी तक हम सभी देश के तीर्थ स्थानों की, मंदिरों की साफ-सफाई करें, स्वच्छता का अभियान चलाएं। आज मुझे कालाराम मंदिर में दर्शन करने का और मंदिर परिसर में सफाई करने का सौभाग्य मिला है। मैं देशवासियों से अपना आग्रह फिर दोहराऊंगा कि राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के पावन अवसर के निमित्त देश के सभी मंदिरों, तीर्थ क्षेत्रों में स्वच्छता अभियान चलाएं, अपना श्रमदान करें। प्रधानमंत्री ने कहा कि दुनिया आज भारत को एक कुशल कार्यबल वाले देश के रूप में देखती है। उन्होंने कहा कि भारत के युवा योग और आयुर्वेद के ब्रांड एंबेसडर बन रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि समय हर किसी को अपने जीवनकाल में एक सुनहरा मौका जरूर देता है। भारत के युवाओं के लिए वो सुनहरा मौका अभी अमृतकाल के रूप में है। आज आपके पास मौका है इतिहास बनाने का, इतिहास में अपना नाम दर्ज कराने का। आप ऐसा काम करिए कि अगली शताब्दी में उस वक्त की पीढ़ी आपको याद करे। आप अपने नाम को भारत और पूरी दुनिया के इतिहास में स्वर्णाक्षरों में लिख सकते हैं। इसलिए मैं आपको 21वीं सदी के भारत की सबसे सौभाग्यशाली पीढ़ी मानता हूं। उन्होंने कहा कि मैं जानता हूं कि आप ये कर सकते हैं। भारत के युवा ये लक्ष्य हासिल कर सकते हैं। मेरा सबसे ज्यादा भरोसा आप सभी पर, भारत के युवाओं पर है। प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार को अब 10 साल हो रहे हैं। इन 10 वर्षों में हमने पूरा प्रयास किया है कि युवाओं को खुला आसमान दें और उनके सामने आने वाली हर रुकावट को दूर करें।

## असम विस के बजट...

21 और 22 फरवरी को अनुदान की मांगों पर चर्चा और मतदान फिर से शुरू होने से पहले समिति की बैठकों के लिए एक संक्षिप्त अवकाश दिया जाएगा।सत्र के अंतिम सप्ताह में आगे के विचार-विमर्श, विधेयकों पर चर्चा और पारित होना, और गैर-सरकारी सदस्यों के एजेंडे को आगे बढ़ाना शामिल है, जिसमें प्रश्न, सदस्य का समय और रिजोल्यूशन शामिल हैं। मुख्यमंत्री शर्मा ने बहुविवाह पर प्रतिबंध लगाने वाले कानून लाने को लेकर विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि हम इस पर बहुत मेहनत कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि विधानसभा का सत्र 5 फरवरी को राज्यपाल के अभिभाषण के साथ शुरू होगा। इसके बाद दिवंगत सदस्यों को श्रद्धांजलि दी जाएगी और राज्यपाल के भाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव रखा जाएगा। सत्र के दौरान 6 और 7 फरवरी को प्रश्नोत्तर सत्र और धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा की जाएगी। 8 फरवरी को प्रश्न, अनुदान की अनुपूरक मांगों पर मतदान और असम विनियोग विधेयक की प्रस्तुति जैसी गतिविधियों के साथ बजट पर ध्यान केंद्रित होगा।

## असम के साथ सीमा ...

साथ 164.6 किमी लंबी सीमा लगती है। उल्लेखनीय है कि दोनों राज्यों के बीच का यह विवाद जुलाई 2021 में उस समय भयानक मोड़ ले लिया था, जब दोनों ही राज्यों के पुलिस बलों के बीच अंतर-राज्यीय सीमा पर गोलीबारी हुई थी, जिसमें छह पुलिसकर्मियों और असम के एक नागरिक की मौत हो गई थी। लालदुहोमा मुख्यमंत्री बनते ही सीमा विवाद को सुलझाने की दिशा में पहल शुरू कर दी है। पिछले सप्ताह अपने तीन दिवसीय दिल्ली दौरे के समय केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के साथ भी इस मसले पर उनकी चर्चा हुई थी। ऐसी आशा की जा रही है कि जिस प्रकार असम मेघालय के बीच के सीमा विवाद को सुलझा लिया गया, उसी प्रकार से असम मिजोरम के बीच के सीमा विवाद को भी सुलझा लिया जाएगा।

## पावर प्लांट में ...

नोटिफिकेशन के अनुसार, जांच समिति 15 दिनों के भीतर अपनी रिपोर्ट राज्य सरकार को सौंपेगी। मणिपुर के कांगपोकी जिले में स्थित लीमाखोंग पावर स्टेशन में गुरुवार को बड़ी मात्रा में ईंधन लीक हो गया था। यह ईंधन कई जलधाराओं में भी फैल गया था। ये जलधाराएं इंफाल नदी में गिरती हैं, जो कि इंफाल घाटी की जीवनरेखा मानी जाती है। लीक ईंधन की मात्रा इतनी ज्यादा है कि इससे कई जल धाराओं में आग भी लग गई। कई जलधाराओं को डायवर्ट करने के लिए भारी मशीनरी का इस्तेमाल किया गया, ताकि इससे नदी का जल प्रदूषित ना हो सके। गौरतलब है कि मणिपुर बीती 3 मई से जातीय हिंसा से जूझ रहा है। यही वजह है कि सरकार ईंधन लीक की इस घटना की विस्तृत जांच करा रही है कि कहीं इसमें कोई साजिश तो नहीं है।

## कांग्रेस के तीन ...

सदन से निलंबित कर दिया गया था। लोकसभा विशेषाधिकार समिति 29 जनवरी को फिर से बैठक करेगी और निलंबन रद्द करने के लिए तीनों सांसदों की रिपोर्ट स्पीकर ओम बिरला को सौंपेगी। उल्लेखनीय है कि अब्दुल खालिक बरपेटा (असम), विजय वसंत कन्याकुमारी (तमिलनाडु) और के जयकुमार नमक्कल (तमिलनाडु) से सांसद हैं।

## बंगाल के साथ वेस्ट...

वाले फायदों पर प्रकाश डालते हुए ममता ने कहा कि इससे राज्य के बच्चों को प्रतियोगिताओं में जाने पर मदद मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के नाम में *वेस्ट* जोड़ने की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि यदि हमारे राज्य का नाम बदलकर बांग्ला कर दिया जाए तो हमारे बच्चे जो विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेते हैं और पढ़ाई के लिए जाते हैं उन्हें प्राथमिकता मिलेगी। हर बैठक में हमें अंत तक इंतजार करने के लिए मजबूर किया जाता है। डब्ल्यू, एक्स, वाइ, जेड। बांग्ला का महत्व कम कर दिया गया है। पंजाब का उदाहरण देते हुए, जो भारत में एक राज्य और पाकिस्तान में एक प्रांत है, उन्होंने कहा कि हमें नहीं लगता कि जब राज्य का नाम बांग्ला है तो इसे विभाजित करने की कोई आवश्यकता नहीं है। पाकिस्तान में पंजाब नाम का एक प्रांत है। भारत में भी पंजाब नाम का एक राज्य है। यदि बांग्लादेश अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बांग्लादेश रह सकता है, तो पश्चिम बंगाल को बांग्ला में क्यों नहीं बदला जा सकता है।

## सोनिया गांधी जब...

कांग्रेस से दो सीटें मांग रही है। हालांकि, समाजवादी पार्टी के रामगोपाल यादव या शिवसेना के संजय राउत जैसा कोई भी तृणमूल नेता कांग्रेस राष्ट्रीय गठबंधन समिति के साथ बैठक करने के लिए दिल्ली नहीं जाएगा। कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व के मुताबिक, अगर बंगाल, दिल्ली और पंजाब को छोड़ दिया जाए तो बाकी सभी राज्यों में विभिन्न विपक्षी दलों के बीच *आईएनडीआईए* गठबंधन में सहमति बन जाएगी। इन तीनों राज्यों में आप और तृणमूल के साथ चर्चा और बातचीत चल रही है। कांग्रेस का शीर्ष नेतृत्व आशावादी है कि बंगाल में तृणमूल के साथ सीटों का समझौता हो जाएगा। इसके लिए हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं। कांग्रेस आलाकमान ने पहले ही देश भर की 543 सीटों के साथ-साथ बंगाल की 42 लोकसभा सीटों के प्रत्येक पर एक-एक समन्वयक नियुक्त कर दिया है। बंगाल के समन्वयकों को प्रशिक्षण के लिए शुक्रवार को दिल्ली बुलाया गया था। इधर, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अधीर चौधरी द्वारा लगातार ममता पर किए जा रहे हमलों को लेकर तृणमूल में काफी गुस्सा है। कांग्रेस का शीर्ष नेतृत्व भी अधीर से बात कर रहा है, जिसका अर्थ है कि आईएनडीआईए को अपने सभी सहयोगियों को साथ लेकर चलना चाहिए। हालांकि इस बात का भी ध्यान रखा जा रहा है कि अधीर को बंगाल में अपना वोट बैंक बरकरार रखने के लिए राजनीति भी करनी है। कांग्रेस के साथ सीटों की बातचीत में शामिल एक शीर्ष तृणमूल नेता का कहना है कि हमने यह स्पष्ट कर दिया है कि भाजपा को हराने के लिए एकजुट होकर लड़ने में हमें कोई आपत्ति नहीं है। अब तक किसी भी तृणमूल सांसद, विधायक या मंत्री ने आईएनडीआईए मंच या कांग्रेस के खिलाफ कोई टिप्पणी नहीं की है। साथ ही कांग्रेस को यह भी बता दिया गया है कि उन्हें बंगाल की राजनीतिक हकीकत और सीमाओं को समझना होगा। वे बंगाल में बहुत कमजोर हैं। 39 निर्वाचन क्षेत्रों में उनका वोट प्रतिशत चार से कम है। एक में 10 प्रतिशत से कम है। दोनों जीते हुए हैं।

## जापान ने किया ...

खुफिया जानकारी एकत्र करने वाला उपग्रह कार्यक्रम शुरू किया था। इसका लक्ष्य संभावित मिसाइल प्रक्षेपणों का पता लगाने और प्रारंभिक चेतावनी देने के लिए 10 उपग्रहों का एक नेटवर्क स्थापित करना है। जापान टुडे के अनुसार यह प्रक्षेपण अगर उपग्रह को उसकी इच्छित कक्षा में स्थापित कर देता है तो यह इस संशोधन के लिए 42वां सफल प्रक्षेपण होगा। इससे एच2ए की सफलता दर 97.9 प्रतिशत हो जाएगी।

## चुनाव आयुक्तों की...

किया। पीठ ने कांग्रेस नेता जया ठाकुर की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता विकास सिंह से याचिका की प्रति केंद्र सरकार के वकील को देने को कहा। विकास सिंह ने कानून पर रोक लगाने की मांग करते हुए कहा कि यह शक्तियों के विभाजन के खिलाफ है। इस पर पीठ ने इनकार करते हुए कहा कि वह दूसरे पक्ष को सुने बिना रोक नहीं लगा सकती, वह नोटिस जारी करेगी। शीर्ष अदालत में इस संबंध में जया ठाकुर की याचिका समेत कई याचिकाएं दाखिल हुई हैं। नए कानून में प्रविधान है कि राष्ट्रपति उस समिति की सिफारिश पर मुख्य चुनाव आयुक्त एवं चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति करेगी जिसमें प्रधानमंत्री (अध्यक्ष), लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष एवं प्रधानमंत्री द्वारा नामित एक कैबिनेट मंत्री होगा।

## माघ बिहू, मकर संक्रांति ...

होने के साथ-साथ विविधता में एकता के प्रतीक भी हैं। इन त्योहारों पर हम पवित्र नदियों में स्नान करके दान-पुण्य जैसे अनुष्ठानों के माध्यम से खुशियां मनाते हैं। देश भर में अलग-अलग रूपों में मनाए जाने वाले ये त्योहार सामाजिक सौहार्द्र, एकता और भाईचारे को मजबूत बनाते हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि कृषि से जुड़े ये पर्व पर्यावरण संरक्षण का भी संदेश देते हैं। यह हमारे अन्नदाता किसानों के अथक परिश्रम को सम्मान देने का भी अवसर है। मेरी कामना है कि ये त्योहार प्रेम और सद्भाव की भावना को बढ़ावा दें और हमारे देश को और अधिक शांतिपूर्ण और समृद्ध बनाने में योगदान दें।

### MISSING INFORMATION



The above is photograph of Golap Dusad (39 Yrs.), S/O - Raju Dusad, Vill- Kurabari, PS- Bukakhat, Dist. - Golaghat who has been missing since 17/12/2023 from Manikpur T.E.

This refers to Udalguri PS GDE No- 14, Dtd. 27/12/2023 and this office Man Missing Register Entry No. 157 Dtd. 27/12/2023.

**Descriptive Roll of the Missing Person :**

1. Complexion : Fair
2. Age : 39 Yrs.
3. Height : 5.4 Feet
4. L/Known : Assamese.
5. Wearing : Long Pant & Jacket

All efforts may be made to trace out/recover the above noted missing person at the earliest and result there of may be intimated to this office at the following helpline numbers for further necessary action 6026901138 (Cell Phone).

**Superintendent of Police, Udalguri, Assam.**

*-- Janasanyog /D/16353/23*

### MISSING INFORMATION



The above is photograph of Miss Anjali (35 Yrs.), W/O - Kiron Boro, Vill- Majuli Ghat, PS- Harisinga i, Dist. - Udalguri who has been missing since 16/12/2023 from her Majuli Ghat.

This refers to Harisinga PS GDE No- 382, Dtd. 19/12/2023 and this office Man Missing Register Entry No. 160 Dtd. 27/12/2023.

**Descriptive Roll of the Missing Person :**

1. Complexion : Swarthy
2. Age : 35 Yrs.
3. Height : 4.5 Feet
4. L/Known : Assamese, Boro
5. Wearing : Dokhona

All efforts may be made to trace out/recover the above noted missing person at the earliest and result there of may be intimated to this office at the following helpline numbers for further necessary action 6026901138 (Cell Phone).

**Superintendent of Police, Udalguri, Assam.**

*-- Janasanyog /D/16339/23*

### MISSING INFORMATION



The above is photograph of Miss Sultan Begum (17 Yrs.), D/O - Muslim Ali, Vill- Jakuapara, PS- Borobazar OP, Dist. - Udalguri who has been missing since 16/12/2023 from Jakuapara

This refers to Borobazar OP GDE No- 289, Dtd. 20/12/2023 and this office Man Missing Register Entry No. 158 Dtd. 27/12/2023.

**Descriptive Roll of the Missing Person :**

1. Complexion : Black
2. Age : 17 Yrs.
3. Height : 4.3 Feet
4. L/Known : Assamese
5. Wearing : Nighty

All efforts may be made to trace out/recover the above noted missing person at the earliest and result there of may be intimated to this office at the following helpline numbers for further necessary action 6026901138 (Cell Phone).

**Superintendent of Police, Udalguri, Assam.**

*-- Janasanyog /D/16332/23*

### MISSING INFORMATION



The above is photograph of Miss Priya Daimari (26 Yrs.), D/O - Raju Rabha, Vill- Nalkhamara, PS- Udalgur, Dist. - Udalguri who has been missing since 11/12/2023 from Udalguri Purani Nagar.

This refers to Udalguri PS GDE No- 39, Dtd. 14/12/2023 and this office Man Missing Register Entry No. 159 Dtd. 27/12/2023.

**Descriptive Roll of the Missing Person :**

1. Complexion : Swartyh
2. Age : 26 Yrs.
3. Height : 5.2 Feet
4. L/Known : Assamese, Boro
5. Wearing : Dokhona

All efforts may be made to trace out/recover the above noted missing person at the earliest and result there of may be intimated to this office at the following helpline numbers for further necessary action 6026901138 (Cell Phone).

**Superintendent of Police, Udalguri, Assam.**

*-- Janasanyog /D/16318/23*

## लाओखोवा और बुढ़ाचापरी वन्यजीव अभयारण्यों में पक्षी गणना के परिणाम संतोषजनक



**नगांव ( हिंस )।** राज्य के लाओखोवा और बुढ़ाचापरी वन्यजीव दोनों अभयारण्यों में पक्षियों की गणना के परिणाम संतोषजनक सामने आए हैं। दोनों अभयारण्यों में जलीय पक्षियों की गतिविधियों की रिकॉर्ड संख्या देखी गई है। गणना में पाए गए पक्षियों की संख्या 35, 231 है। अकेले लाओखोवा वन्यजीव अभयारण्य के रौमारी बील में पाए जाने वाले जलीय पक्षियों की सबसे अधिक संख्या 19, 301 है। दोनों अभयारण्यों में प्रवासी पक्षियों *लंबी गर्दन वाली बत्तखों* की सबसे अधिक संख्या 8, 960 है। गाणनिक की टीम ने गणना में 98 प्रसिद्ध जलीय पक्षी प्रजातियों और पांच अज्ञात जलीय पक्षी प्रजातियों की उपस्थिति पाई है। उल्लेखनीय है कि दोनों अभयारण्यों के 24 जलाशयों की 28–28 टीमों ने गत बुधवार तड़के जलीय पक्षियों की गणना की प्रक्रिया को अंजाम दिया। दोनों अतिक्रमण मुक्त अभयारण्यों में जानवरों की मुक्त आवाजाही भी देखी गई है। गणना करने वाले कैमरे के लेंस में विभिन्न प्रकार के पक्षी सहित कई जंगली जानवरों को भी कैद हुए हैं। दोनों अभयारण्यों में जीव–जंतु और पक्षियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए अभयारण्य के अधिकारियों को आने वाले समय में और अधिक पर्यटकों के यहां आने की उम्मीद है। वन विभाग ने भी पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए कई तरह के प्रयास किए हैं।

### एनसी हिल्स काउंसिल चुनाव

# एनसी हिल्स चुनाव में भाजपा को बहुमत, शून्य पर सिमटी कांग्रेस

**गुवाहाटी ( हिंस )।** भारतीय जनता पार्टी ने असम में उत्तर कछार हिल्स स्वायत्तशासी परिषद (एनसीएचएसी) चुनावों में पूर्ण बहुमत हासिल किया है। जबकि, मुख्य प्रतिद्वंद्वी कांग्रेस को अपमानजनक स्थिति का सामना करना पड़ा और उसकी झोली में एक भी सीट नहीं आई। जिन 22 सीटों पर चुनाव हुए, उनमें से भाजपा ने कुल 21 सीटें हासिल कर ली हैं, जिससे भाजपा फिर से पूर्ण बहुमत में है। सिर्फ एक सीट पर निर्दलीय उम्मीदवार ने जीत हासिल की है। दूसरी ओर, मैदान में भाजपा की मुख्य प्रतिद्वंद्वी कांग्रेस को अपमानजनक हार का सामना करना पड़ा है और उसकी झोली में एक भी सीट नहीं आई है। वोटों की गिनती हाफलोंग डॉन बॉस्को हायर सेकेंडरी स्कूल में सुबह 8 बजे से शुरू हुई थी। उत्तर कछार हिल स्वायत्तशासी परिषद के 28 निर्वाचन क्षेत्रों में से 22 में चुनाव हुए थे, क्योंकि 6 निर्वाचन क्षेत्रों में भाजपा के उम्मीदवार पहले ही विजयी हो चुके थे। जैसे–जैसे दिन बीतता गया, भाजपा की स्थिति मजबूत होती गई। आज 21 सीटों के साथ, भाजपा ने एक बार फिर उत्तर कछार पर्वतीय स्वायत्त परिषद में सत्ता की बागडोर संभाल ली है। इस तरह 28 में से 27 सीटों पर भाजपा ने जीत हासिल की, वहीं एक सीट निर्दलीय उम्मीदवार के खाते में गयी है। इसके साथ ही भाजपा के लिए एनसीएचएसी में सत्ता बरकरार रखने का रास्ता साफ हो गया है। इसके अलावा, मौजूदा सीईएम देबोलाल गार्लोसा की पहाड़ी परिषद के प्रमुख के रूप में वापसी तय है, जैसा कि मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत विश्व शर्मा ने पहले मीडिया से कहा था। इस चुनाव परिणाम को लेकर डिमा हसाओ जिले में तथा असम प्रदेश भाजपा के भाजपा नेताओं एवं कार्यकर्ताओं के बीच जश्न का माहौल देखा जा रहा है।

## मुख्य चुनाव अधिकारी का फार्म 20 में परिवर्तन करना रहस्यपूर्ण : बबीता शर्मा

**गुवाहाटी ( हिंस )।** असम प्रदेश कांग्रेस की वरिष्ठ उपाध्यक्ष तथा प्रवक्ता बबीता शर्मा ने असम के मुख्य चुनाव अधिकारी द्वारा फ्रॉर्म 20 में किए गए परिवर्तन को रहस्यपूर्ण बताया है। आज प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में बबीता शर्मा एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने मुख्य चुनाव अधिकारी से सवाल किया कि दशकों से ऐसा नियम बना हुआ था कि फ्रॉर्म 20 के तहत पोलिंग बूथ के नंबर के साथ पोलिंग बूथ का नाम तथा उम्मीदवारों के नाम के साथ राजनीतिक दलों के नाम प्रकाशित किए जाते थे। लेकिन, रहस्यपूर्ण तरीके से इसे चुनाव आयोग की वेबसाइट से हटा दिया गया। और तो और इसकी जानकारी तक सार्वजनिक नहीं की गई। इसके आलोक में कांग्रेस पार्टी ने सवाल उठाया है कि आखिर चुनाव अधिकारी ने ऐसा किसको लाभ पहुंचाने के लिए किया।

## शिशु निकेतन एचएस स्कूल में मनाया गया राष्ट्रीय युवा दिवस



**गुवाहाटी ( विभास )।** नारायण नगर स्थित शिशु निकेतन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में शुक्रवार को स्वामी विवेकानंद की 161वीं जयंती विभिन्न कार्यक्रमों के साथ धूमधाम से मनाई गई। राष्ट्रीय युवा दिवस के मौके पर आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ बच्चों द्वारा स्वामी विवेकानंद की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस दौरान महान नेता के जीवन और सिद्धांतों पर प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर स्कूल की प्राचार्य श्रीमती रिना भौमिक ने राष्ट्रीय युवा दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बच्चों का मार्गदर्शन किया। उन्होंने युवा पीढ़ी से कड़ी मेहनत करने और समाज को रहने के लिए एक बेहतर स्थान बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में बच्चों के अलावा शिक्षक व स्कूल के अन्य कर्मचारी मौजूद थे।

## मायुमं की अमृत शाखा ने *आनंद सबके लिए* कार्यक्रम आयोजित किया



**गुवाहाटी ( विभास )।** मकर संक्रांति के अवसर पर मारवाड़ी युवा मंच गुवाहाटी अमृत शाखा ने आनंद सबके लिए कार्यक्रम के अन्तर्गत गरीबों के बीच पूडी, सब्जी, तिल का लड्डू, मुड़ी का लड्डू, बिस्किट, चॉकलेट आदि खाने की वस्तुएं का वितरण लाचित नगर हनुमान मंदिर और शुक्लेश्वर मंदिर मे किया। इस कार्यक्रम मे शाखा अध्यक्ष स्वीटी बजाज, सचिव अनित बिहानी, उपाध्यक्ष राहुल जैन, शाखा सदस्य परमेश्वर रांकावत, बेबी बिहानी, परी अग्रवाल, हर्ष वर्धन गोइंका, लिपिका गोइंका, ईशा जैन और शाखा सलाहकार अमित कंसल उपस्थित थे। इस कार्यक्रम की संयोजिका ईशा जैन थी। यह जानकारी जन सम्पर्क अधिकारी सुनीता जैन ने प्रेस विज्ञप्ति के द्वारा दी।

## नेहरू युवा केंद्र ने मनाया राष्ट्रीय युवा दिवस

**कोकराझाड़( हिंस )।** नेहरू युवा केंद्र, कोकराझाड़ ने फ्रकीराग्राम कॉलेज में स्वामी विवेकानंद की जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय युवा दिवस का आयोजन किया। इस दौरान विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें कविता लेखन, चित्रकला, भाषण प्रतियोगिता और सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ–साथ सड़क सुरक्षा पर एक रैली शामिल थी। कर्यक्रम के अनुसार सुबह कॉलेज के प्राचार्य डॉ. चानमिया अहमद ने स्वामी विवेकानंद के चित्र पर दीप जलाकर पुष्पांजलि अर्पित की। वहीं जागरूकता रैली निकाली गई। इसके पश्चात विभिन्न प्रकर के कार्यक्रम आयोजित किये गये। जिसमें *मेरा भारत विकसित भारत 2047* विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। अंत में कॉलेज के प्राचार्य की अध्यक्षता में एक सभा आयोजित की गई।

## आलोपती माजरचर नई मार्केट मैनेजमेंट कमेटी गठन के साथ सौंपी गईं जिम्मेदारियां

**नगरबेड़ा ( विभास )।** दक्षिणी बरपेटा में व्यापार और वाणिज्य के केंद्रों में से एक आलोपति माजारचर बाजार की नई प्रबंध समिति के गठन के लिए गुरुवार को अपने कार्यालय परिसर में एक आम सभा की बैठक आयोजित की गई। समिति के वार्षिक लेखांकन को प्रस्तुत करने और अनुमोदित करने के बाद बाजार का प्रबंधन करने के लिए वर्ष 2024 के लिए नई बाजार प्रबंधन समिति की गठित की गई, क्योंकि बाघबर निर्वाचन क्षेत्र के तहत चरक्षेत्रों के प्रमुख सबसे बड़े बाजारों में से एक। पिछली समिति का कार्यकाल पहले ही समाप्त हो चुका था। इससे पहले कल आलोपती माजरचर बाजार प्रबंध समिति के कार्यालय परिसर में अध्यक्ष अब्दुल लतीफ सरकार की अध्यक्षता में हुई आम सभा की बैठक में पुरानी समिति को भंग कर दिया गया और सर्वसम्मति से नई समिति का गठन किया गया जिसमें अध्यक्ष बक्कर हुसैन, उपाध्यक्ष रबिउल हुसैन, सचिव अबुल बसर अंसारी, सह सचिव अजहर अली अहमद के साथ 43 सदस्यीय मजबूत नई बाजार प्रबंधन समिति गठित की गई और उन्हें जिम्मेदारी सौंपी गई। नई कमेटी के गठन की प्रक्रिया



में बाजार प्रबंधन समिति के पूर्व अध्यक्ष नौशाद अली, खलीलुर्रहमान, हनीफ उद्दीन, नूर मोहम्मद अली, डॉ. जसीमउद्दीन अहमद, सैयजुद्दीन भुइयां, अल्फ्राज उद्दीन अहमद, आफ्रिल उद्दीन अहमद, अक्कस अली अहमद, मोतिउर रहमान, पूर्व सचिव अजीजुल हक सहित बाजार परिसर के विभिन्न गांवों से आए सैकड़ों प्रतिनिधि उपस्थित थे। आखिरकार त्योहार के बीच में आलोपति माजरचर बाजार की प्रबंध समिति के गठन की प्रक्रिया शांतिपूर्वक संपन्न हुई। यह ध्यान दिया जाना चाहिए कि नव निर्वाचित समिति ने बाजार के प्रबंधन में सभी लोगों का सहयोग मांगा है।

## बाक्सा में जंगली हाथियों का तांडव

**बाक्सा ( हिंस )।** बाक्सा जिले के उदालगुड़ी में जंगली हाथियों ने आतंक मचा रखा है। स्थानीय लोगों ने आज बताया कि जंगली हाथियों के एक बड़े झुंड ने टमाटर, आलू, बैंगन, फूलगोभी, मिर्च आदि के 100 बीघा से अधिक कृषि भूमि को नष्ट कर दिया है। कई घरों को ध्वस्त कर दिया है। मनाह नेशनल पार्क से जंगली हाथियों का एक बड़ा झुंड निकलकर पूरे इलाके में उत्पात मचा रहा है। इस दौरान जंगली हाथियों ने कई लोगों की जान ले ली। प्रभावित किसानों ने आरोप लगाया कि मनाह वन विभाग शिकायत के बावजूद कोई ध्यान नहीं दे रहा है। वन विभाग के प्रति इस इलाके के लोगों में व्यापक क्षोभ देखा जा रहा है।

### MISSING INFORMATION



The above is photograph of Dipika Deuri (18 Yrs.), D/O - Kalyan Deuri, Vill- Sankar Nagar, PS- Udalguri, Dist. - Udalguri who has been missing since 28/12/2023 from Sankar Nagar.

This refers to Udalguri PS GDE No- 29, Dtd. 28/12/2023 and this office Man Missing Register Entry No. 03 Dtd. 01/01/2024.

**Descriptive Roll of the Missing Person :**

1. Complexion : Swarthy
2. Age : 18 Yrs.
3. Height : 5 Feet
4. L/Known : Assamese.
5. Wearing : Not Noted

All efforts may be made to trace out/recover the above noted missing person at the earliest and result there of may be intimated to this office at the following helpline numbers for further necessary action 6026901138 (Cell Phone)

**Superintendent of Police,**
**Udalguri, Assam**

*-- Janasanyog /D/16388/23*

## रौमारी में सड़क हादसे में तीन युवकों की मौत

**नगांव ( हिंस )।** नगांव जिले के कालियाबर के निकटवर्ती मीसा रौमारी में हुए एक भीषण सड़क हादसे में एक ही गांव के तीन युवकों की मौत हो गई। पुलिस द्वारा आज दी गई जानकारी के अनुसार एक महिंद्रा वारिटो गाड़ी (एएस–12जे–6909) नियंत्रण खोने के बाद फ्रोर लेन सड़क से जाकर बीती देर रात को खाई में गिर गई। हादसे में अर्जुन तांती, अमृत विश्वास उर्फ्र सानू और राहुल विश्वास की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। दुर्घटना उस समय हुई जब, वाहन कालियाबर की ओर से गलत दिशा में जा रही थी। चालक ने अचानक नियंत्रण खो दिया। युवक कथित तौर पर रौमारी में पिंक सिटी ढाबा से निकले थे। माना जा रहा है कि यह हादसा अत्यधिक शराब पीकर गाड़ी चलाने की वजह से हुआ।

# चिन्मय मिशन, गुवाहाटी ने प्री–भोगली बिहू उत्सव मनाया

**गुवाहाटी ( विभास )।** चिन्मय मिशन, गुवाहाटी ने जीएनटी चिन्मय विद्यालय के सहयोग से चिन्मय केंद्र, सिक्समाइल में प्री–भोगाली बिहू उत्सव मनाया। जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में प्रसिद्ध फैशन डिजाइनर पपली गोगोई ने अपने भाषण में चिन्मय मिशन द्वारा अपनी विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से आध्यात्मिक ज्ञान फैलाने के लिए किए गए प्रयासों की सराहना की। इससे पहले चिन्मय मिशन के उपाध्यक्ष आरएस जोशी व चिन्मय विद्यालय के अध्यक्ष द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर प्रतिकात्मक अलाव जलाया गया जिसे मेजी के नाम से जाना जाता है। इसके अलावा एक प्रदर्शनी भी आयोजित की गई। जिसमें अभिभावकों के साथ–साथ छात्रों और कुछ शिक्षकों ने पारंपरिक भोजन, कला, शिल्प और



कलाकृतियों वाले स्टॉल लगाए और उपस्थित लोगों को असम की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत की झलक दिखाई। गीता जप प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण भी आज के उत्सव का एक हिस्सा था। अंत में विद्यार्थियों सहित सभी उपस्थित लोगों को जलपान कराया गया। इस कार्यक्रम में 150 से अधिक लोगों ने भाग लिया।

### MISSING INFORMATION



The above is photograph of Paban Kowar (48 Yrs.), S/O - Bhayra Kowar, Vill- Ulubari, PS- Udalguri, Dist. - Udalguri who has been missing since 10/05/2023 from Ulubari

This refers to Udalguri PS GDE No- 16, Dtd. 27/12/2023 and this office Man Missing Register Entry No. 01 Dtd. 02/01/2024.

**Descriptive Roll of the Missing Person :**

1. Complexion : Black
2. Age : 48 Yrs.
3. Height : 5 Feet
4. L/Known : Assamese, Adibashi
5. Wearing : T-Shirt & Long Pant

All efforts may be made to trace out/recover the above noted missing person at the earliest and result there of may be intimated to this office at the following helpline numbers for further necessary action 6026901138 (Cell Phone)

**Superintendent of Police,**
**Udalguri, Assam**

*-- Janasanyog /D/16370/23*

### MISSING INFORMATION



The above is photograph of Nirala Murmu (28 Yrs.), W/O - Prokash Murmu, Vill- Singgaon, PS- Udalguri, Dist. - Udalguri who has been missing since 26/10/2023 from her Singgaon.

This refers to Udalguri PS GDE No- 20, Dtd. 27/12/2023 and this office Man Missing Register Entry No. 02 Dtd. 02/01/2024.

**Descriptive Roll of the Missing Person :**

1. Complexion : Swarthy
2. Age : 28 Yrs.
3. Height : 5 Feet
4. L/Known : Assamese.
5. Wearing : Suridar, Jeans Pant.

All efforts may be made to trace out/recover the above noted missing person at the earliest and result there of may be intimated to this office at the following helpline numbers for further necessary action 6026901138 (Cell Phone)

**Superintendent of Police,**
**Udalguri, Assam**

*-- Janasanyog /D/16379/23*

# विश्वनाथ : हिंदी के बढ़ते कदम और चुनौतियों को लेकर गूगल मीट कार्यक्रम आयोजित

**विश्वनाथ ( विभास )।** समग्र विश्व के साथ असम राज्य के प्रमुख राष्ट्रभाषा के लिए समर्पित न्यास पूर्वोत्तर हिंदी साहित्य अकादमी और विश्वनाथ जिला इकाई के सौजन्य में बुधवार को संध्या 6.30 बजे ऑनलाइन मंच गूगल मीट के माध्यम से विश्व हिंदी दिवस समारोह तथा राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम पूर्वोत्तर हिंदी साहित्य अकादमी के संस्थापिका अध्यक्षा रीता सिंह *सर्जना* के अध्यक्षता और विश्वनाथ जिला इकाई के जिला सचिव संतोष कुमार महतो के संचालन में विश्व हिंदी दिवस समारोह व वैश्विक स्तर पर हिंदी के बढ़ते कदम और चुनौतियां (विश्व, राष्ट्र एवं पूर्वोत्तर स्तर पर) विषय पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में मुख्य अतिथि डॉ. अमिता दुबे, प्रधान संपादक, उत्तर प्रदेश हिंदी संस्थान, लखनऊ, उत्तर प्रदेश, मुख्य वक्ता डॉ. अधिवेश कुमार चंसौलिया, प्राध्यापक हिंदी महारानी लक्ष्मीबाई कला एवं वाणिज्य स्वशासी महाविद्यालय, ग्वालियर, मध्यप्रदेश, वक्ता डॉ. अनिता पंडा, वरिष्ठ साहित्यकार एवं शिक्षाविद, मेघालय, वक्ता डॉ. गोमा देवी शर्मा, सहायक आचार्य, हिंदी विभाग, तेजपुर विश्वविद्यालय, आमंत्रित अतिथि विनय कुमार *बुद्ध*, वरिष्ठ व्याख्यता, कवि व साहित्यकार, बंगाईगांव मौजूद थे। कवि मानव देव ने स्वागत भाषण से सभी अतिथि व श्रोताओं का अभिनंदन




किया। सर्वप्रथम अध्यक्षा महोदया ने सभी अतिथियों का साहित्यिक परिचय दिया। राष्ट्रीय संगोष्ठी में वक्ता के रूप में उपस्थित डॉ. अनिता पंडा ने कहा कि हिंदी के आगे सबसे बड़ी चुन्नौती यह है हिंदी लोकप्रिय, जन–जन के मन में बस रही है, वैश्विक स्तर तक पहुंच गई है लेकिन क्या हिंदी भाषा के रूप स्थापित रहेगी या नहीं, या केवल बोली बन जाएगी? क्योंकि अच्छा बोलने लोग हिंदी को देवनागरी लिपि के बजाय रोमन लिपि में लिख रहे हैं। यह बहुत बड़ी चुन्नौती हिंदी सेवियों के लिए है। हम अपने नागरिक लिपि को कहाँ तक संरक्षित कर सकते हैं? जबकि यह एक समृद्धशाली भाषा है। क्या हम हिंदी को भाषा से बोली बनते की यात्रा तक बचा सकते हैं? वक्ता गोमा देवी शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि पूर्वोत्तर क्षेत्र के लोग शुद्ध रूप से अहिंदी भाषी है। हम सबकी मातृभाषा अलग–अलग है, हम जो हिंदी पढ़ते हैं, लिखते हैं, बोलते हैं वह हमारी अर्जित भाषा है। भिन्न–भिन्न भाषा–भाषी होते हुए भी आज हिंदी पूर्वोत्तर क्षेत्र की संपर्क भाषा बनने में कामयाब हुई है। आज छोटे–छोटे बच्चे भी हिंदी में बोलते, गाना गुनगुनाते सुनाई देते हैं। मुख्य वक्ता डॉ. अधिवेश कुमार चंसौलिया ने वैश्विक स्तर पर हिंदी के बढ़ते कदम और चुनौतियां के ऊपर वक्तव्य देते हुए कहा कि हिंदी आज बाजार की भाषा बन चुकी है।

### MISSING INFORMATION



The above is photograph of Manju Darjee (32 Yrs.), W/O - Naraya Darjee, Vill- No. 2 Bholatar, PS- Dimakuchi, Dist. - Udalguri who has been missing since 20/12/2023 from No. 2 Bholatar.

This refers to Udalguri PS GDE No- 09, Dtd. 25/12/2023 and this office Man Missing Register Entry No. 04 Dtd. 02/01/2024.

**Descriptive Roll of the Missing Person :**

1. Complexion : Brownish Dark
2. Age : 32 Yrs.
3. Height : 5 Feet
4. L/Known : Assamese.
5. Wearing : Suridar

All efforts may be made to trace out/recover the above noted missing person at the earliest and result there of may be intimated to this office at the following helpline numbers for further necessary action 6026901138 (Cell Phone)

**Superintendent of Police,**
**Udalguri, Assam**

*-- Janasanyog /D/16363/23*

संपादकीया

## स्पीकर का सवालिया फैसला

**महाराष्ट्र** के विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर ने विधायकों को अयोग्य करार देने की याचिकाओं पर फैसला सुनाने में 18 माह से अधिक का वक्त लिया, फिर भी व्यवस्था सवालिया है। स्पीकर यह व्याख्या करते रहे कि 'असली शिवसेना' कौन-सी है? उसका नेता कौन है? पार्टी का कौन-सा संविधान मान्य है? उद्धव ठाकरे की शक्तियां क्या थीं? शिवसेना में पार्टी प्रमुख से ताकतवर राष्ट्रीय कार्यकारिणी है। शिवसेना पर फैसला तो चुनाव आयोग सुना चुका था। पार्टी का नाम और चुनाव चिह्न 'धनुष-बाण' एकनाथ शिंदे की सेना को आवंटित किए जा चुके थे, लेकिन सर्वोच्च अदालत के सवाल कुछ और ही थे। चूंकि स्पीकर ने व्यवस्था दी है कि शिंदे गुट ही 'असली शिवसेना' है। शिंदे को विधायक दल के नेता पद से हटाने का अधिकार उद्धव ठाकरे को नहीं था। पार्टी प्रमुख की इच्छा और निर्णय राष्ट्रीय कार्यकारिणी के नहीं थे। स्पीकर ने उद्धव ठाकरे के नेतृत्व को ही संवैधानिक नहीं माना। शिवसेना संविधान में 2018 में जो संशोधन किए गए थे, उन्हें भी मान्यता नहीं दी, क्योंकि वह दस्तावेज चुनाव आयोग में उपलब्ध नहीं था। यहां महत्त्वपूर्ण सवाल उठता है कि 2019 के आम चुनाव और फिर विधानसभा चुनाव के लिए जो पार्टी प्रत्याशी पत्र जारी किए गए और जिन्हें चुनाव आयोग ने स्वीकार भी किया, उन पर किसके हस्ताक्षर थे? यहां उद्धव ठाकरे 'संवैधानिक' कैसे हो सकते हैं? संविधान पर चुनाव आयोग और स्पीकर को स्पष्टीकरण देने चाहिए, क्योंकि यह संविधान से जुड़ा मामला है। स्पीकर नार्वेकर ने अपनी व्यवस्था का आधार 1999 के शिवसेना संविधान को बनाया है, जिसमें तत्कालीन पक्ष प्रमुख बाल ठाकरे ने पार्टी प्रमुख के बजाय राष्ट्रीय कार्यकारिणी के वर्चस्व को स्थापित किया था। सर्वोच्च अदालत की न्यायिक पीठ का भी मानना है कि विधायक दल से ज्यादा महत्त्वपूर्ण और ताकतवर पार्टी का संगठन होता है, क्योंकि वह ही मूल है। राजनीतिक शाखाएं कई हो सकती हैं। बहरहाल 2024 में 1999 का पार्टी संविधान पूर्णतः प्रासंगिक नहीं हो सकता, क्योंकि उसके बाद 2004, 2009 और 2014 के लोकसभा चुनाव हुए हैं। विधानसभा चुनाव भी हुए हैं। यदि संविधान में संशोधन नहीं किए गए और शिवसेना में संगठनात्मक चुनाव भी नहीं कराए गए, तो बहुत कुछ वैध नहीं था। बल्कि सवालिया ही था। प्रत्याशी पत्रों पर हस्ताक्षर के सवाल भी लगातार उठेंगे। स्पीकर के निर्णय के बाद कई कानूनी चुनौतियां सामने आएंगी। हालांकि मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की सत्ता सुरक्षित और स्थिर है। स्पीकर ने किसी भी पक्ष के विधायकों को 'अयोग्य' करार नहीं दिया है, लेकिन शिंदे सेना को अभी जश्न मनाने से परहेज करना चाहिए, क्योंकि उद्धव ठाकरे ने साफ कहा है कि स्पीकर के फैसले को सर्वोच्च अदालत में चुनौती दी जाएगी। चूंकि वह इस फैसले को लोकतंत्र, संविधान और 10वीं अनुसूची की हत्या मानते हैं, लिहाजा सर्वोच्च अदालत की समीक्षा चाहेंगे। स्पीकर के सामने एक और विवादास्पद मामला है कि उन्हें 31 जनवरी तक एनसीपी के विभाजन पर भी व्यवस्था देनी है। एनसीपी के 40 से अधिक विधायक सत्तारूढ़ एनडीए के घटक हैं। उपमुख्यमंत्री अजित पवार उनके नेता हैं। महाराष्ट्र का राजनीतिक घमासान अभी जारी रहेगा और लोकसभा चुनाव करीब तीन माह दूर ही हैं। इसी साल विधानसभा चुनाव भी होने हैं। शिंदे सेना की मुसीबतें समाप्त होती नहीं लगतीं। बल्कि गठबंधन के भीतर से ही मुसीबतें झांकती नजर आएंगी। भाजपा बहुत बड़ी पार्टी है। विकल्प के तौर पर उसके पास अजित पवार का गुट है, जो महाराष्ट्र में भिन्न इलाके भाजपा को दिखा सकता है। भाजपा उन इलाकों में अपेक्षाकृत कमजोर रही है। बहुत कुछ आम चुनाव से पहले ही स्पष्ट हो जाएगा। उद्धव ठाकरे मुंबई-ठाणे, मराठवाड़ा इलाकों में शिवसेना के परंपरागत जनाधार का आह्वान कर कुछ सहानुभूति बटोरना चाहेंगे।

शिवसेना पर फैसला तो चुनाव आयोग सुना चुका था। पार्टी का नाम और चुनाव चिह्न 'धनुष-बाण' एकनाथ शिंदे की सेना को आवंटित किए जा चुके थे, लेकिन सर्वोच्च अदालत के सवाल कुछ और ही थे। चूंकि स्पीकर ने व्यवस्था दी है कि शिंदे गुट ही 'असली शिवसेना' है। शिंदे को विधायक दल के नेता पद से हटाने का अधिकार उद्धव ठाकरे को नहीं था। पार्टी प्रमुख की इच्छा और निर्णय राष्ट्रीय कार्यकारिणी के नहीं थे। स्पीकर ने उद्धव ठाकरे के नेतृत्व को ही संवैधानिक नहीं माना। शिवसेना संविधान में 2018 में जो संशोधन किए गए थे, उन्हें भी मान्यता नहीं दी, क्योंकि वह दस्तावेज चुनाव आयोग में उपलब्ध नहीं था। यहां महत्त्वपूर्ण सवाल उठता है कि 2019 के आम चुनाव और फिर विधानसभा चुनाव के लिए जो पार्टी प्रत्याशी पत्र जारी किए गए और जिन्हें चुनाव आयोग ने स्वीकार भी किया, उन पर किसके हस्ताक्षर थे? यहां उद्धव ठाकरे 'संवैधानिक' कैसे हो सकते हैं? संविधान पर चुनाव आयोग और स्पीकर को स्पष्टीकरण देने चाहिए, क्योंकि यह संविधान से जुड़ा मामला है। स्पीकर नार्वेकर ने अपनी व्यवस्था का आधार 1999 के शिवसेना संविधान को बनाया है, जिसमें तत्कालीन पक्ष प्रमुख बाल ठाकरे ने पार्टी प्रमुख के बजाय राष्ट्रीय कार्यकारिणी के वर्चस्व को स्थापित किया था। सर्वोच्च अदालत की न्यायिक पीठ का भी मानना है कि विधायक दल से ज्यादा महत्त्वपूर्ण और ताकतवर पार्टी का संगठन होता है, क्योंकि वह ही मूल है। राजनीतिक शाखाएं कई हो सकती हैं।

### उच्चतम न्यायालय की बैंच इस बात पर विचार करेगी कि क्या यह विश्वविद्यालय अल्पसंख्यक संस्थान है या नहीं...

# अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय फिर चर्चा में

कुलदीप चंद अग्निहोत्री

1857 की आजादी की लड़ाई में अंग्रेजों ने अनेक सबक सीखे थे और उसके अनुरूप भारत को लेकर अपनी नीति और रणनीति दोनों को ही बदला। इस लड़ाई में भारत के देसी मुसलमान अंग्रेजों के विपक्ष में खड़े थे। इसलिए अंग्रेजों को ऐसे मुसलमानों की तलाश थी, जो विदेशी मूल के हों और भारत के देसी मुसलमानों को अपने पिछलग्गू बना कर उनका नेतृत्व संभाल सकें।

**अलीगढ़** मुस्लिम विश्वविद्यालय एक बार फिर चर्चा में आ गया है। विश्वविद्यालय की पहचान और इसकी वैधानिक स्थिति को लेकर इस विश्वविद्यालय की चर्चा बार-बार होती ही रहती है। दरअसल यह विश्वविद्यालय अपने जन्म काल से ही चर्चा में है। 1857 की आजादी की लड़ाई में अंग्रेजों ने अनेक सबक सीखे थे और उसके अनुरूप भारत को लेकर अपनी नीति और रणनीति दोनों को ही बदला। इस लड़ाई में भारत के देसी मुसलमान अंग्रेजों के विपक्ष में खड़े थे। इसलिए अंग्रेजों को ऐसे मुसलमानों की तलाश थी, जो विदेशी मूल के हों और भारत के देसी मुसलमानों को अपने पिछलग्गू बना कर उनका नेतृत्व संभाल सकें। इसके लिए अंग्रेज हुक्मरानों ने अनेक उपाय किए जिनमें से अलीगढ़ में एक शिक्षा संस्थान की स्थापना भी एक था। अरब मूल के सैयद अहमद खान अंग्रेजों की इस योजना के नायक बने और उन्होंने अलीगढ़ में जो स्कूल खोला था, ब्रिटिश सरकार ने कुछ साल बाद उसे अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के रूप में अधिनियमित कर दिया। ब्रिटिश सरकार ने सैयद साहिब को भी 'सर' की उपाधि देकर उसका रुतबा बढ़ाया। इतिहास के विद्यार्थी जानते हैं कि भारत के विभाजन में, भारतीयों में हिंदू-मुसलमान का विवाद पैदा करने में इस विश्वविद्यालय का अग्रणी स्थान रहा। यही कारण था कि अंग्रेजों के चले जाने के बाद यह मांग की गई थी कि साम्प्रदायिकता की इस जड़ को समाप्त किया जाए। लेकिन तत्कालीन सरकार ने इसे स्वीकार नहीं किया। बात आई-गई हो गई। उसके बाद भारत का संविधान बना। संविधान के समय कुछ सदस्यों ने यह मांग की कि प्रस्तावना, जो संविधान की आत्मा का परिचायक है, में भारत एक सेक्युलर देश है, भी लिखा जाए। लेकिन संविधान की प्रारूप समिति के अध्यक्ष इसके विरोध में डट गए। उनका मानना था कि भारतीय स्वभाव से ही सेक्युलर हैं। लेकिन अंग्रेजी में लिखे जा रहे संविधान में सेक्युलर का अर्थ गलत निकाला जाएगा और यह साम्प्रदायिकता को बढ़ावा देगा। बाबा साहिब अंबेडकर ने इसके बजाय भारत में जो समुदाय अपने आपको मजहब के आधार पर अल्पसंख्यक मानते हैं, उनको अधिकार दिया कि वे अपने अलग से शिक्षा संस्थान खोल सकते हैं और वहां अपने मजहब की शिक्षा भी दे सकते हैं। लेकिन आपात स्थिति का लाभ उठाकर उस समय




कांग्रेस ने संविधान की प्रस्तावना में ही सेक्युलर शब्द जोड़ दिया। अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय, जो भारत सरकार का शिक्षा संस्थान है, को लेकर मुसलमानों ने हल्ला मचाना शुरू कर दिया। हल्ला मचाने वालों में देसी मुसलमान कम थे, अरब-तुर्क-मुगल (एटीएम) मूल के मुसलमान यानी अशरफ समाज के मुसलमान ज्यादा थे। उन्होंने दावा किया कि यह शिक्षा संस्थान अल्पसंख्यक शिक्षा संस्थान है और भारत का मुसलमान अल्पसंख्यकों को अपना शिक्षा संस्थान अपनी मर्जी से चलाने का अधिकार देता है। इसलिए इस विश्वविद्यालय ने अपने यहां अनुसूचित जातियों के छात्रों के लिए सीटें आरक्षित करने से इंकार कर दिया। इसी प्रकार प्राध्यापक भर्ती में भी अनुसूचित जाति के प्रत्याशियों के लिए सीटें आरक्षित करने से इंकार कर दिया। मुसलमानों का कहना था कि यह संस्थान अल्पसंख्यक संस्थान है, इसलिए भारत सरकार विश्वविद्यालय को बाध्य नहीं कर सकती कि वह अनुसूचित जाति के लोगों को अपने यहां आरक्षण दे। कुछ लोगों ने समझाया भी कि नाम में मुसलमान लिख देने मात्र से ही कोई शिक्षा संस्थान अल्पसंख्यक नहीं बन जाता। न ही यह विश्वविद्यालय मुसलमानों द्वारा संचालित है। यह विश्वविद्यालय संसद के अधिनियम से संचालित है। इसका वित्त भार भी देश की आम जनता के पैसे से चलता है। यह केन्द्रीय सरकार का संस्थान है। लेकिन इसका कोई असर दिखाई नहीं दिया, उल्टा विश्वविद्यालय के मुसलमान छात्र इस बात पर अड़े रहे कि विश्वविद्यालय में पाकिस्तान के कायदे आजम मोहम्मद अली जिन्ना का चित्र लगेगा, जो अब भी लगा हुआ है। जाहिर है इससे अनुसूचित जाति के छात्रों और शिक्षकों में रोष पैदा होता। उनके समर्थक भी गुस्से में आते। कोई और रास्ता न देख कर देश के कुछ प्रबुद्ध लोगों ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय में याचिका दायर कर दी कि पहले यही फैसला हो जाए कि अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय अल्पसंख्यक संस्थान है या फिर केन्द्र सरकार के अन्य विश्वविद्यालयों की तरह ही है, और उसमें भी अनुसूचित जातियों के लिए आरक्षण के प्रावधानों को लागू करना अनिवार्य है? मामला उच्च न्यायालय में देर तक चला। अंततः न्यायालय ने निर्णय दिया कि अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय मुसलमानों का अल्पसंख्यक संस्थान नहीं है। जाहिर है अब इस विश्वविद्यालय में अनुसूचित जाति के लोगों से अन्याय नहीं किया जा सकेगा। लेकिन कांग्रेस ने इससे पहले ही निर्णय कर लिया था कि न्यायालयों के इस प्रकार के फैसलों से कैसे निपटना है। इसकी शुरुआत उसने शाह बानो के केस में ही कर दी थी, जब शाहबानो उच्चतम न्यायालय से अपने शौहर से गुजारा भत्ता पाने का केस जीत चुकी थी। कांग्रेस सरकार ने उस फैसले को निरस्त करने के लिए बाकायदा संसद में कानून पारित कर सैयदों के हाथ मजबूत किए और अशरफ समाज से वाहवाही लूटी। यही काम उसने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के निर्णय के मामले में किया। अब की बार फिर अशरफों ने कांग्रेस सरकार को पकड़ा और मनमोहन सिंह की सरकार ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के फैसले को उच्चतम न्यायालय में चुनौती दी। केवल इतना ही नहीं, सरकार ने यह फैसला भी किया कि अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय की शाखाएं देश के अन्य हिस्सों में भी खोली जाएंगी। बिहार के किशनगंज में तो इसकी तैयारी भी शुरू कर दी। लेकिन देश का अनुसूचित जाति समूह और पसमांदा/अलजाफ/अरजाल समूह भी इस निर्णय से गुस्से में था। अब सरकार ने जन भावनाओं का सम्मान करते हुए इलाहाबाद न्यायालय के फैसले के खिलाफ डाली अपनी अपील वापस लेने की अर्जी उच्चतम न्यायालय में डाल दी। उच्चतम न्यायालय ने सात न्यायाधीशों की बैंच का गठन कर दिया है जो इस बात पर विचार करेगी कि क्या अलीगढ़ का यह विश्वविद्यालय अल्पसंख्यक संस्थान है या नहीं? निर्णय किया होगा, यह तो समय ही बताएगा, लेकिन अनुसूचित जाति समुदाय का मानना है कि कम से कम किसी ने उनके हितों की ओर ध्यान तो दिया।

दृष्टि कोण

## खाद्य सुरक्षा पर असर को लेकर मौजूद चिंताएं

**कई** अंतर्राष्ट्रीय और राष्ट्रीय कृषि वैज्ञानिकों ने बहुप्रचारित एक नैनो उर्वरक को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा के लिए खतरा बताया है। वहीं कहा कि यह किसानों के लिए भी फायदे का सौदा नहीं है। पंजाब कृषि विश्वविद्यालय, लुधियाना द्वारा हाल ही में प्रकाशित शोध के अनुसार, नैनो उर्वरक तकनीक अपनाने से गेहूं की पैदावार में 21.6 प्रतिशत और धान की पैदावार में 13 प्रतिशत कमी दर्ज हुई। इसके अतिरिक्त गेहूं और धान के दानों में क्रमशः 17 और 11 प्रतिशत नाइट्रोजन की कमी भी दर्ज हुई ज़सिसे दानों में प्रोटीन की कमी होना स्वाभाविक है। ज्ञात रहे कि सरकारी संस्था ने 2021 में तरल नैनो यूरिया का विपणन इस दावे के साथ शुरू किया था कि इसकी 4 प्रतिशत नाइट्रोजन से युक्त 500 की बोतल 50 किलो परंपरागत यूरिया (46 प्रतिशत नाइट्रोजन) के एक बैग के बराबर है। इसके विपणन के लिए केन्द्र और राज्य सरकारों द्वारा खूब प्रचार के बावजूद नैनो यूरिया अभी तक किसानों और कृषि वैज्ञानिकों का विश्वास नहीं जीत पाया। यह न तो फसल के लिए लाभकारी सिद्ध हुआ और न ही वैज्ञानिक कसौटी पर खरा उतरा। करीब 140 करोड़ मानव आबादी वाले भारत की खाद्य सुरक्षा पिछले 50 वर्षों से मुख्यतः गेहूं और धान फसल के उत्पादन पर आधारित रही है। ज़निमें मात्र 5-10 प्रतिशत की कमी से ही, देश में खाद्य सुरक्षा के खतरे की घंटी चुनौती पैदा हो जाती है और सरकार गेहूं



आयात करने और चावल निर्यात रोकने पर मजबूर हो जाती है। ऐसी परिस्थिति में बिना उचित वैज्ञानिक परीक्षण किये नैनो उर्वरकों पर जल्दबाजी राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा के लिए बड़ी चुनौती बन सकती है। ऐसे उर्वरकों को दूसरे उर्वरकों के साथ, कम्पनियों द्वारा बेचना किसानों के हित में नहीं कहा जा सकता है। कृषि वैज्ञानिक इस नैनो उर्वरक का विरोध शुरू से कर रहे हैं। अंतर्राष्ट्रीय अनुसंधान ज़र्नल 'प्लांट सॉयल' के अंक 10 अगस्त, 2023 में अंतर्राष्ट्रीय वैज्ञानिकों मेक्स फरेंक और सौरेंन हस्टीड ने रहस्योद्घाटन किया है कि नैनो यूरिया के दावे तथ्यहीन हैं। इसके विपणन के लिए प्रचार से देश की खाद्य सुरक्षा और किसानों में कृषि विज्ञान अनुसंधान में विश्वास कम होने की संभावना है। इसी तरह की आशंका देश के प्रतिष्ठित कृषि वैज्ञानिकों ने पहले भी व्यक्त की है। ज़निके अनुसार तकनीकी तौर पर नैनो यूरिया पारंपरिक दानेदार यूरिया का विकल्प नहीं बन सकता और न ही कृषि विश्वविद्यालयों व संस्थानों ने इसे अपनी फसलों की समग्र सिफारिश में अनुशंसित व शामिल किया है। आर्थिक तौर पर भी नैनो यूरिया किसान हितैषी नहीं है, क्योंकि आधे लीटर नैनो यूरिया का दाम 240 रुपये है जो कि पारंपरिक दानेदार यूरिया के एक बैग यानी 45 किलो के दाम के लगभग बराबर ही है। इन सब तथ्यों के बावजूद, नैनो यूरिया का प्रचार गलत है। इसका वार्षिक लगभग 5 करोड़ बोतल उत्पादन और किसानों को दूसरे उर्वरकों के साथ जबर्दस्ती बेचना हितकारी नहीं है। कृषि रसायन विज्ञान के अनुसार, रासायनिक रूप में एक बैग यानी 45 किलो पारंपरिक यूरिया में 46 प्रतिशत नाइट्रोजन होती है, जिसका मतलब है कि 45 किलोग्राम यूरिया में लगभग 20 किलोग्राम नाइट्रोजन होती है। इसके विपरीत, 500 मिलीलीटर नैनो यूरिया में 4 प्रतिशत नाइट्रोजन की दर से मात्र 20 ग्राम नाइट्रोजन होती है यानी दानेदार यूरिया के मुकाबले हजार गुना से भी कम नाइट्रोजन नैनो यूरिया में होती है। तब जाहिर सी बात है कि नैनो यूरिया की 20 ग्राम नाइट्रोजन दानेदार यूरिया की 20 किलोग्राम नाइट्रोजन की भरपाई कैसे कर सकती है। जहां तक नैनो यूरिया के फसलों के पत्तों पर छिड़काव के कारण ज्यादा प्रभावशाली होने के दावों की बात है तो दानेदार यूरिया भी पूरी तरह से पानी में घुलनशील होने से 2-5 प्रतिशत छिड़काव की सिफारिश पहले ही की हुई है, यानी जो तथाकथित लाभ 240 रुपये दाम वाले आधा लीटर नैनो यूरिया छिड़काव से मिल सकता है, उसे किसान मात्र 12 रुपये दाम के 2 किलो पारम्परिक यूरिया प्रति एकड़ छिड़काव द्वारा पहले से ही ले रहे हैं। कृषि विज्ञान के अनुसार, पौधों को प्रोटीन बनाने के लिए नाइट्रोजन की आवश्यकता होती हैं। भूमि में नाइट्रोजन की कमी से अनाज, तिलहन, आलू आदि फसलों की उन्नत किस्मों के उत्पादन में 50-60 प्रतिशत तक की कमी देखी गई है। अंतर्राष्ट्रीय खाद्य और कृषि संगठन के मानदंडों के अनुसार भी 25 क्विंटल अनाज प्रति एकड़ उत्पादन के लिए 62 किलो नाइट्रोजन चाहिए जो 130 किलो यूरिया प्रति एकड़ डालने से मिलेगी। तीन सितम्बर, 2022 के एक राष्ट्रीय अंग्रेजी दैनिक में छपे लेख में चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार से मृदा विज्ञान के सेवानिवृत्त प्रो.एनके तोमर ने कहा, भले ही काल्पनिक रूप में, आधा लीटर नैनो उर्वरक 100 प्रतिशत प्रभावी रूप से पौधों को उपलब्ध हो, लेकिन यह केवल 368 ग्राम अनाज पैदा करेगा। इसलिए, नैनो यूरिया पर किये जा रहे सरकारी प्रयास सार्वजनिक धन की बर्बादी है। नैनो यूरिया पर दावे निराधार हैं। इस बारे प्रोफेसर तोमर द्वारा नीति आयोग को लिखे पत्र का सरकार ने अभी तक कोई जवाब नहीं दिया।

कुछ अलग

## डिजिटल अंतर मिटाने का वक्त, असमानता की खाई को पाटना बड़ी चुनौती

**नए** वर्ष में जैसे-जैसे लोकसभा चुनाव करीब आते जाएंगे, सियासी गर्मी बढ़ती जाएगी। इस दौरान कई गैर-जरूरी मुद्दे बहस के केंद्र में आ सकते हैं, जिससे बाकी मुद्दों को विमर्श से बाहर कर दिया जाएगा। लेकिन एक ऐसा मुद्दा है, जो देश के भविष्य के साथ जुड़ा है। यह है- मानव पूंजी। भारत एक युवा राष्ट्र है, जहां औसत उम्र मात्र 28 वर्ष है। देश के जनसांख्यिकीय लाभ के बारे में बातें होती हैं, पर यह लाभ मिलेगा ही, इसकी गारंटी नहीं है, क्योंकि युवाओं का एक विशाल बहुमत अब भी अपनी पूरी क्षमता का एहसास नहीं कर पा रहा है। मानव पूंजी की कमी इसका एक प्रमुख कारण है। शिक्षा और विपणन कौशल मानव पूंजी के प्रमुख तत्व हैं। इसके बिना बदलती विश्व व्यवस्था में उभरते हुए नए अवसरों का लाभ नहीं उठाया जा सकता। थोड़े लोग हैं, जो इन नए अवसरों के लिए जरूरी कौशल से लैस हैं और उनका लाभ उठा रहे हैं। उम्मीद करनी चाहिए कि इस वर्ष हम बाकी लोगों के बारे में विचार करेंगे, जो देश में और देश के बाहर उभरते अवसरों का लाभ उठाने के योग्य नहीं हैं। ब्रिटिश कोलंबिया विश्वविद्यालय में रॉयल बैंक रिसर्च प्रोफेसर ऑफ इकनॉमिक्स अमर्त्य लाहिड़ी ने हाल ही में कहा है, 'हर साल भारत की श्रम शक्ति में 80 लाख से एक करोड़ तक नए श्रमिक जुड़ते हैं। एक दशक तक यह गति जारी रहेगी। इन नए श्रमिकों में से अधिकांश हाई स्कूल या बेहतर शैक्षणिक योग्यताओं से लैस होकर आ रहे हैं। इसलिए उनकी अपेक्षाएं आनुपातिक रूप से ज्यादा हैं और भारत की उपलब्धि के अंततः अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहुंचने के सामान्य राष्ट्रीय आख्यान से और ज्यादा उत्साहित हैं।' पर आकांक्षाएं हमेशा जमीनी वास्तविकता से मेल नहीं खातीं। लाहिड़ी के मुताबिक, 'असली समस्या कौशल की कमी की है। इस समय भारत करीब 22 लाख ग्रेजुएट, पोस्ट ग्रेजुएट और पीएच.डी. धारक पैदा करता है। दुर्भाग्य से उनमें से अधिकांश प्रशिक्षण पाने के बावजूद रोजगार के लिए अयोग्य हैं। कुशल श्रमिकों का एक समूह तैयार करने के लिए उच्च शिक्षा की गुणवत्ता के लिए निरंतर निवेश की आवश्यकता होगी, ताकि उन्हें इन उच्च मानव पूंजी के क्षेत्रों में अच्छे वेतन की नौकरी मिल सके।' हाल के वर्षों में युवाओं को हुनरमंद बनाने और उनका कौशल बढ़ाने के लिए कई कार्यक्रम शुरू किए गए हैं। डिजिटल इंडिया पहल के तहत भी कई कार्यक्रम चल रहे हैं। लाखों युवा अब डिजिटल रूप से अधिक समझदार व शिक्षित हैं, पर देश के विभिन्न हिस्सों में अंतर बना हुआ है। जैसे, उत्तरी और दक्षिणी राज्यों और पुरुषों एवं महिलाओं के बीच भारी असमानता है। लाखों भारतीय अब भी स्कूल की पढ़ाई पूरी नहीं कर पाते। मई, 2023 तक देश में साइबर सुरक्षा पेशेवरों के लिए 40,000 रिक्तियां थीं, पर भारतीय भर्ती और मानव संसाधन सेवा कंपनी टीमलीज सर्विसेज की सहायक कंपनी टीमलीज डिजिटल के अनुसार, कौशल की भारी कमी के कारण इनमें से 30 फीसदी रिक्तियां भरी नहीं जा सकीं। पिछले वर्ष मार्च में सांख्यिकी व कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय द्वारा जारी मल्टीपल इंडिकेटर सर्वे के अनुसार, भारत को सूचना एवं संचार तकनीक (आईसीटी) से संबंधित कुशल पेशवरों की भारी कमी का सामना करना पड़ रहा है। 11,63,416 लोगों के सैंपल पर आधारित इस डाटा से पता चला कि सभी आयु समूहों में महिलाओं की तुलना में पुरुषों के पास आईसीटी कौशल अधिक है। सर्वे में शामिल 15 से 29 वर्ष के आयु के और केवल 27 फीसदी लोगों ने कहा कि वे दस्तावेज, तस्वीर और वीडियो के साथ ईमेल भेजना जानते हैं।

देश दुनीया से

## सौर विकिरण व चुंबकीय तूफानों की सुलझेगी गुत्थी



पिछले साल चंद्रमा के सबसे दुर्गम दक्षिणी ध्रुव के पास चंद्रयान-3 के विक्रम लैंडर के मूनवॉक के बाद भारत का दूसरा यान आदित्य-एल1 छह जनवरी को सूर्य का साक्षात्कार करने पहुंच गया है। इससे पहले इसरो ने 1 जनवरी को ब्लैक होल और दूसरी खगोलीय वस्तुओं के अध्ययन के लिए एक्स-रे पोलारिमेटर सैटेलाइट (एक्सपोसेट) का सफल प्रक्षेपण किया था। इस तरह के अध्ययन के लिए यह दुनिया का दूसरा मिशन है। इससे पहले नासा ने 2021 में इस तरह का मिशन भेजा था। सूर्य का करीब से अध्ययन करने के लिए आदित्य-एल1 अंतरिक्ष में अपने निर्धारित स्थान, लंग्रेज 1 प्वाइंट पर पहुंच गया है।

**भारत** ने अंतरिक्ष अन्वेषण के क्षेत्र में दो बड़ी सफलताओं के साथ नए साल की शानदार शुरुआत की है। पिछले साल चंद्रमा के सबसे दुर्गम दक्षिणी ध्रुव के पास चंद्रयान-3 के विक्रम लैंडर के मूनवॉक के बाद भारत का दूसरा यान आदित्य-एल1 छह जनवरी को सूर्य का साक्षात्कार करने पहुंच गया है। इससे पहले इसरो ने 1 जनवरी को ब्लैक होल और दूसरी खगोलीय वस्तुओं के अध्ययन के लिए एक्स-रे पोलारिमेटर सैटेलाइट (एक्सपोसेट) का सफल प्रक्षेपण किया था। इस तरह के अध्ययन के लिए यह दुनिया का दूसरा मिशन है। इससे पहले नासा ने 2021 में इस तरह का मिशन भेजा था। सूर्य का करीब से अध्ययन करने के लिए आदित्य-एल1 अंतरिक्ष में अपने निर्धारित स्थान, लंग्रेज 1 प्वाइंट पर पहुंच गया है। इसरो ने यान को इस प्वाइंट के इर्दगिर्द एक त्रिआयामी कक्षा में स्थापित कर दिया है। लंग्रेज 1 प्वाइंट सूर्य की दिशा में पृथ्वी से 15 लाख किलोमीटर दूर है। त्रिआयामी कक्षा में यान को प्रविष्ट कराना तकनीकी दृष्टि से बहुत ही जटिल कार्य था, जिसे इसरो के वैज्ञानिकों ने सटीकता के साथ पूरा किया। इस सूर्य मिशन से भारत दुनिया के उन गिने-चुने देशों में शामिल हो गया है जिन्होंने सूर्य के अन्वेषण के लिए अपने यान भेजे हैं। आदित्य-एल1 ध्रुवीय उपग्रह प्रक्षेपण यान (पीएसएलवी-सी57) के जरिए श्रीहरिकोटा से 2 सितंबर को रवाना हुआ था। सूर्य की पड़ताल के लिए यह भारत की पहली अंतरिक्ष-आधारित ऑब्जर्वेटरी है। इसमें 7 अलग-अलग पेलोड हैं, जो सभी स्वदेशी साधनों से विकसित किए गए हैं। पांच पेलोड इसरो द्वारा विकसित किए गए हैं जबकि दो अन्य का विकास इसरो के सहयोग से भारतीय शैक्षणिक संस्थानों द्वारा किया गया है। यान के पेलोड में सात वैज्ञानिक उपकरण हैं जो सौर कोरोना (सबसे बाहरी परत), फोटोस्फीयर (सूर्य की सतह या वह भाग जिसे हम पृथ्वी से देखते हैं) और क्रोमोस्फीयर (प्लाज्मा की एक पतली परत जो फोटोस्फीयर और कोरोना के बीच स्थित होती है) का निरीक्षण और अध्ययन करेंगे। एल1 से अभिप्राय सूर्य-पृथ्वी प्रणाली के लग्रेंज प्वाइंट 1 से है। सामान्य समझ के लिए एल1 अंतरिक्ष में एक ऐसा स्थान है जहां सूर्य और पृथ्वी जैसे दो खगोलीय पिंडों के गुरुत्वाकर्षण बल संतुलित रहते हैं। दूसरे शब्दों में दोनों के बल एक-दूसरे को कैंसल कर देते हैं। इस वजह से वहां रखी वस्तु दोनों खगोलीय पिंडों के बीच अपेक्षाकृत स्थिर रहती है। सभी लग्रेंज स्थानों में से, एल1 को सौर अवलोकनों के लिए सबसे महत्वपूर्ण माना जाता है। एल1 के चारों ओर कक्षा में एक उपग्रह होने का मुख्य लाभ यह है कि यह बादलों द्वारा अवरुद्ध किए बिना या ग्रहणों का अनुभव किए बिना लगातार सूर्य को देख सकता है। इस समय वहां यूरोपीय स्पेस एजेंसी की सोलर एंड हेलिओस्फेरिक ऑब्ज़र्वेटरी (सोहो) इस समय वहां मौजूद है। सूर्य, ग्रहों और उनके चंद्रमाओं के बीच गुरुत्वीय अंतर-क्रियाओं के कारण पूरे सौरमंडल में लग्रेंज प्वाइंट मौजूद हैं। आदित्य एल1 अगले पांच वर्षों तक सूर्य पर होने वाली विभिन्न घटनाओं को मापने में मदद करेगा और सभी प्रकार के डेटा एकत्र करेगा जो अकेले भारत के लिए नहीं बल्कि पूरी दुनिया के लिए बहुत महत्वपूर्ण होगा। सूर्य हमारे जीवन को कैसे प्रभावित करता है, इसे समझने के लिए यह डेटा बहुत उपयोगी होगा। आदित्य-एल1 ने अपनी यात्रा के दौरान पर अपने हाई एनर्जी एल1 ऑर्बिटिंग एक्स-रे स्पेक्ट्रोमीटर (एचईएल1ओएस) पेलोड से सौर ज्वालाओं की पहली झलक देखी है। 29 अक्तूबर को अपनी पहली अवलोकन अवधि के दौरान एक्स-रे स्पेक्ट्रोमीटर ने आदित्य-एल 1 पर सौर ज्वालाओं के आवेगपूर्ण चरण को रिकॉर्ड किया। रिकॉर्ड किया गया डेटा अमेरिका के ओशनिक एंड एटमॉस्फेरिक एडमिनिस्ट्रेशन के जियोस्टेशनरी ऑपरेशनल एनवायर्नमेंटल सेटेलाइट द्वारा प्रदान किए गए डेटा के अनुरूप है। दरअसल, स्पेक्ट्रोमीटर का डेटा शोधकर्ताओं को सौर ज्वालाओं के आवेगपूर्ण चरणों के दौरान विस्फोटक ऊर्जा का अध्ययन करने में सक्षम बनाता है। यह स्पेक्ट्रोमीटर इसरो के बेंगलुरु स्थित यू.आर.राव सैटेलाइट सेंटर के स्पेस एस्ट्रोनॉमी ग्रुप द्वारा विकसित किया गया था। आदित्य-एल1 पर लगे सोलर अल्ट्रावायलेट इमेजिंग टेलीस्कोप (एसयूआईटी) ने 6 दिसंबर को सूर्य की पहली पूर्ण-डिस्क छवियों को सफलतापूर्वक कैप्चर किया है। एल1 लग्रेंज प्वाइंट पर यान की तैनाती से आदित्य-एल1 सूर्य को लगातार देख रख सकता है। इस स्थान से अंतरिक्ष यान सौर विकिरण और चुंबकीय तूफानों तक पहुंच सकता है। पृथ्वी के चुंबकीय क्षेत्र और वायुमंडल से प्रभावित होने से पहले सौर विकिरण और चुंबकीय तूफानों को समझना बहुत जरूरी है। इसके अतिरिक्त एल1 बिंदु की गुरुत्वाकर्षण स्थिरता उपग्रह की परिचालन दक्षता को बढ़ाती है और बार-बार कक्षीय रखरखाव प्रयासों की आवश्यकता को कम करती है। सूर्य हमारे सौरमंडल के केंद्र में है। वह अन्य सभी खगोलीय पिंडों के व्यवहार पर महत्वपूर्ण प्रभाव डालता है। सूर्य पर शोध से सौरमंडल की गतिशीलता को समझने में सुधार हुआ है।

आप का नजरीया

## हिमाचली लैब में आपदा

**चांद** को धरती पर लाने की मशक्कत में, सूरज के कदम भी रूठ के गुम हो गए। कुछ इसी तरह की नसीहतों में हिमाचल के सरकारी अस्पतालों की कंगाली उभर आई। जिस जोर शोर से अस्पतालों में 142 टेस्ट मुफ्त में कराने की घोषणा हुई, उसी तरह के मातम में इनके बंद होने की खबर है। कारण असाधारण नहीं, लेकिन कहना पड़ेगा कि रेवडियों ने मुफ्तखोरी को तगड़ा सबक सिखा दिया। हिमाचल के अस्पतालों मुफ्तखोरी के कोरिडोर सजा कर जो भी साधुवाद बटोरा, वह अंततः भौंडा व बेमुरब्बत साबित हुआ। एक ही दिन में कुल 650 अस्पतालों की मुफ्त की लैब मैनेजमेंट धराशायी हो गई और दस हजार मरीज मुफ्तखोरी के तकियाकलाम में अपनी बीमारी का औचित्य खोजते रहे। कल फिर जागीं निजी लैब, वरना इस आपातकाल की स्थिति का कोई वारिस भी नहीं मिलता। प्रदेश में क्रसना लैब अपने अठारह सौ कर्मचारियों के बलबूते हिमाचल की सेहत का निरीक्षण कर रही थी, लेकिन आवश्यक भुगतान न होने के चलते शटर बंद हो गए। कितना आसान है किसी कंपनी के लिए अपने फर्ज को अलविदा कहना और कितना हराम है मुफ्त की रेवड़ी को हर समय पचाना। जाहिर है बुधवार को सारा स्वास्थ्य सिस्टम घुटनों पर आ गया, लेकिन सरकार की ओर से न आपात की स्थिति को संबोधित करते मंत्री दिखे और न ही कोई विकल्प सामने आया। यह इसलिए कि मुफ्त की कोई तिजोरी नहीं होती, यह वक्त की चोरी है जो जिंदा नहीं होती। एक दिन टेस्ट व्यवस्था का ठप होना हजारों जिंदगियों से खेलना भी हो सकता है। दूसरे सरकार की व्यवस्था का निजी हाथों में मुलाजिम होना भी स्थायी उपाय नहीं। इससे पहले भी एक अन्य कंपनी का करार जब टूटा था, तो सरकार का सारा तिलिस्म धड़ाम हुआ था। यह सारा तामझाम नेशनल हैल्थ मिशन के तहत हिमाचल के स्वास्थ्य क्षेत्र को सहारा दे रहा था, लेकिन फंडिंग की श्रृंखला जब दिल्ली से टूटी या इंतजाम का वादा छोटा कर दिया, तो टेस्टों के बदले कंपनी को भुगतान करती तश्तरी में वित्तीय मजबूरियां उभर आईं। हम अब एक ऐसे देश में रहते हैं, जहां देश का मूड चुनाव है। वरना अस्सी-पचासी करोड़ नागरिकों को मुफ्त का अनाज देने की संगत में चिकित्सा की मन्नत यूं नजरअंदाज नहीं होती। विडंबना यह कि अब इनसान की आधारभूत जरूरतों के आगे भी सियासी भूत नचाए जा रहे हैं। यह आश्वासन और वादों की कटौती है जो केंद्र के आचरण में भेदभाव के कीड़ों को जन्म दे रही है। जाहिर है वित्तीय असमंजस में फंसे राज्य के लिए केंद्र के पैमानों का रूठ जाना, ऐसा प्रहार है जो अब मरीजों की जिंदगी से भी खेल रहा है। प्रथम दृष्टया लैब सिस्टम का ध्वस्त होना, राज्य सरकार पर तोहमत लगाता है क्योंकि इसी मंडे मीटिंग में जब मुख्यमंत्री प्रदेश के भविष्य से बातें कर रहे थे, तो किसी ने यह क्यों नहीं बताया कि जख्म अस्पतालों में उभर रहे हैं। सरकार के वजूद से चिपके चिकित्सा मंत्री महोदय जनता को बताएं कि उनके दायित्व में 650 अस्पताल क्यों अनाथ हो गए। आश्चर्य यह भी कि हम बड़े-बड़े चिकित्सा संस्थानों की पैरवी में मशगूल हैं, लेकिन सामान्य सी सेवाएं प्रदान करने में अक्षम हैं। हम पर्यटन के आंकड़े में पांच करोड़ सैलानियों का इंतजार कर रहे हैं, लेकिन सरकारी होटलों में सूना पड़ा है।




# आर्थिक तंगी से जूझ रहे पाकिस्तान को राहत, बेलआउट पैकेज के तहत मंजूर हुआ 700 मिलियन डॉलर का कर्ज

**नई दिल्ली ।**
पाकिस्तान कंगाली झेल रहा है। कर्ज पर टिकी पाकिस्तानी अर्थव्यवस्था को राहत मिली है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने पाकिस्तान को बेलआउट पैकेज के तहत 700 मिलियन डॉलर की ऋण किश्त को मंजूरी दे दी है। बता दें, पाकिस्तान में अगले महीने चुनाव होने वाले हैं। बता दें, आईएमएफ ने बेलआउट के कार्यक्रम के तहत 1.2 बिलियन अमेरिकी डॉलर की प्रारंभिक किश्त जुलाई 2023 में जारी की थी। पाकिस्तानी मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, आईएमएफ बोर्ड ने पाकिस्तान के आर्थिक सुधार कार्यक्रम की पहली समीक्षा पूरी करने के बाद इसकी घोषणा की। आईएमएफ के एक मिशन ने जुलाई से सितंबर 2023 तक के पाकिस्तान के आर्थिक प्रदर्शन की समीक्षा की। पाकिस्तानी वित्त मंत्रालय ने एक बयान जारी कर कहा कि एसडीआर में 700 मिलियन अमेरिकी डॉलर के तत्काल वितरण की अनुमति मिलती है। इससे स्टैंड-बाय व्यवस्था के तहत कुल संवितरण 1.9 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो जाता है।

**अभी क्या स्थिति है** - पाकिस्तान के पास विदेशी मुद्रा भंडार खत्म होने को है। पिछले साल की शुरुआत में ही पाकिस्तान सरकार ने बताया था कि उसके पास अब केवल 3.09 अरब डॉलर का विदेशी मुद्रा भंडार रह गया है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, अगर पाकिस्तान आईएमएफ की शर्तों को स्वीकार करती है तो मुद्रास्फीति 40 प्रतिशत तक बढ़ सकती है, जिससे हालात और भयावह हो सकते हैं।

**महंगाई दर 25 फीसदी हुई** - पाकिस्तान में महंगाई दर 25 प्रतिशत हो चुकी है। एक लीटर दूध की कीमत 144 रुपये तक पहुंच गई है। ब्रेड 98 रुपये में मिल रहा है। पूरे देश में हाहाकार की स्थिति है। जिनके पास पैसे हैं, उन्हें तो कोई दिक्कत नहीं हो रही, लेकिन गरीबों के लिए स्थिति चिंताजनक हो गई है। पाकिस्तान के सिंध प्रांत में उर्दू अखबार के लिए काम करने वाले नजम शरीफ कहते हैं कि पाकिस्तान में महंगाई, बेरोजगारी का आलम यह हो गया है कि गरीब लोग भूखे सोने को मजबूर हैं। बड़ी संख्या में लोग एक वक्त का ही खाना खा पा रहे हैं। लोगों के घर आटा, चावल, दाल सबकुछ खत्म हो गया है। गैस-चूल्हे के दाम भी सातवें आसमान पर हैं। ऐसे में लोग मिट्टी के चूल्हे पर लकड़ी जलाकर खाना बना रहे हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### स्पाइसजेट जल्द शुरू करेगी लक्षद्वीप और अयोध्या में सस्ती उड़ान सेवा, बजट एयरलाइन के सीईओ ने सालाना आम बैठक में किया ऐलान




**नई दिल्ली ।** बजट एयरलाइन स्पाइसजेट जल्द ही लक्षद्वीप और अयोध्या में सस्ती उड़ान सेवा शुरू करने जा रही है। यह निर्णय कंपनी की सालाना आम बैठक में सीईओ अजय सिंह ने लिया। बता दें कि पिछले कुछ दिनों में भारत और मालदीव के रिश्तों में तल्खी बढ़ी है। ऐसे में देशभर के पर्यटक अब मालदीव के बजाय लक्षद्वीप जाना पसंद कर रहे हैं। इसके साथ ही राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम से पहले अयोध्या के लिए भी उड़ानों की मांग बढ़ गई है। सस्ती हवाई सेवा देने वाली एयरलाइन स्पाइसजेट के चेयरमैन और सीईओ अजय सिंह ने इन जगहों के लिए उड़ानें शुरू करने का ऐलान किया है। मिली जानकारी के मुताबिक अजय सिंह ने कहा कि उनकी लो कॉस्ट एयरलाइंस जल्द ही लक्षद्वीप आईलैंड के लिए फ्लाइट्स शुरू करने वाली है। इसके साथ ही उन्होंने अयोध्या के लिए भी जल्द ही उड़ानें शुरू करने की बात कही है। यह सभी ऐलान एयरलाइंस की सालाना आम बैठक के दौरान किए गए हैं। अजय सिंह ने कंपनी की बैठक में शेयरधारकों से कहा पिछले हफ्ते पीएम मोदी के लक्षद्वीप दौरे और भारत और मालदीव के विवाद के बीच आईलैंड के लिए सर्च वॉल्यूम में कई गुना तक की बढ़त देखी जा रही है। ऐसे में सैलानियों के बीच लक्षद्वीप के लिए उड़ान की मांग को देखते हुए एयरलाइंस ने कनेक्टिविटी योजना के तहत अधिकार का इस्तेमाल करते हुए केंद्र शासित प्रदेश के लिए अपनी उड़ान शुरू करने जा रही है।

### एप्पल को पीछे छोड़ माइक्रोसॉफ्ट बनी दुनिया की सबसे मूल्यवान कंपनी




**नई दिल्ली।** दुनिया की सबसे मूल्यवान कंपनी में जहां एक टाइम पर एप्पल का नाम शामिल था। वहीं अब इसकी जगह माइक्रोसॉफ्ट ने ले ली है। दरअसल, वर्ष 2024 की शुरुआत एप्पल के लिए उतना खास नहीं रहा। वर्ष की शुरुआत में ही एप्पल के शेयरों में गिरावट देखने को मिली थी। आईफोन निर्माता एप्पल का क्रेज पूरी दुनिया में छाया है। लेकि, कंपनी के शेयरों में आई गिरावट के बाद कंपनी के एमकैप में भी नरमी देखने को मिली है। अब एप्पल की जगह रेडमंड, वाशिंगटन में स्थित माइक्रोसॉफ्ट ने ले ली है। माइक्रोसॉफ्ट के शेयरों में 1.6 फीसदी की तेजी आई। इसके बाद कंपनी के बाजार मूल्यांकन में 2.875 ट्रिलियन डॉलर जुड़ गए। माइक्रोसॉफ्ट को जनरेटिव आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की वजह से लाभ हुआ। इस क्रांति ने निवेशकों को शेयर के प्रति आकर्षित किया। अब माइक्रोसॉफ्ट का बाजार पूंजीकरण में 2.871 ट्रिलियन डॉलर जुड़ गए। यह एप्पल के एमकैप से 0.9 फीसदी ज्यादा है। वर्ष 2021 के बाद पहली बार माइक्रोसॉफ्ट का एमकैप एप्पल से ज्यादा हुआ है। एप्पल का स्टॉक पिछले बंद के मुकाबले 3.3 फीसदी गिरकर बंद हुआ। वहीं, माइक्रोसॉफ्ट के शेयर में 1.8 फीसदी की तेजी आई है। डीए डेविडसन के विश्लेषक गिल लूरिया ने कहा कि यह आश्चर्यजनक है कि माइक्रोसॉफ्ट एप्पल से आगे बढ़ गया है। माइक्रोसॉफ्ट के स्टॉक में लगातार तेजी देखने को मिल रही है। कंपनी को जनरेटिव आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की क्रांति से लाभ मिल रहा है।

### रुपया चार पैसे गिरकर 83.05 प्रति डॉलर



**मुंबई।** रुपया शुरुआती कारोबार में चार पैसे की गिरावट के साथ अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 83.05 पर आ गया। विदेशी कोषों की निकासी और तेल की कीमतें बढ़ने का असर स्थानीय मुद्रा पर पड़ा। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 83.08 प्रति डॉलर पर खुला और फिर फिसलकर 83.10 प्रति डॉलर पर आ गया। बाद में यह 83.05 प्रति डॉलर पर पहुंच गया, जो पिछले बंद भाव से चार पैसे की गिरावट है। रुपया 83.01 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। इस बीच छह अन्य मुद्राओं की तुलना में अमेरिकी मुद्रा का आकलन करने वाला डॉलर सूचकांक 0.07 प्रतिशत के साथ 101.95 पर कारोबार कर रहा है।

## यूपीआई बेहद सफल

# हर महीने 100 अरब से ज्यादा का लेनदेन, गवर्नर बोले-एप के विस्तार पर अन्य देशों से चर्चा


**मुंबई ।**
आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा, भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) की ओर से विकसित यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) बेहद सफल रहा है। यह दुनिया की सबसे अच्छी भुगतान प्रणाली है। इस भुगतान एप में विस्तार की अधिक गुंजाइश है और यह विश्व में अग्रणी बन सकता है। दास ने बृहस्पतिवार को एक कार्यक्रम में कहा, देश में यूपीआई के जरिये मासिक लेनदेन कई महीने पहले ही 100 अरब का आंकड़ा पार कर गया है। देश में भारी सफलता के बाद आरबीआई अब अन्य देशों के केंद्रीय बैंकों के साथ इसके विस्तार पर चर्चा कर रहा है। सिंगापुर और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) सहित कुछ देशों में पहले से ही यूपीआई का इस्तेमाल हो रहा है। आरबीआई गवर्नर ने कहा, यूपीआई पहले से ही एक डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचा बन चुका है। इसकी मदद से देश में डिजिटल लेनदेन को काफी बढ़ावा मिला है। खासकर ग्रामीण भारत के इलाकों में। वास्तव में इसे और बढ़ना है। मैं कहूंगा यह दुनिया की अब तक की सबसे अच्छी भुगतान प्रणाली है। मैं चाहता हूं कि यह विश्व में भी अग्रणी बने।

### दिवालिया कानून में सुधार की जरूरत

शक्तिकांत दास, गवर्नर, आरबीआई ने कहा कि दिवालिया एवं ऋणशोधन अक्षमता संहिता (आईबीसी) के तहत वसूली की दर 32 फीसदी है। पर, कानून में सुधार की जरूरत है। आईबीसी की प्रमुख आलोचना दो मोर्चों पर है...समाधान में लगने वाला समय और कर्जदाताओं को बकाया वसूली पर होने वाला नुकसान।

### एनपीसीआई का प्रतिद्वंद्वी होने से गुरेज नहीं

दास ने उस आलोचना को खारिज किया, जिसमें दावा किया गया कि यूपीआई पर एनपीसीआई का एकाधिकार हो गया है। उन्होंने कहा, एनपीसीआई का प्रतिद्वंद्वी होने से आरबीआई को कोई गुरेज नहीं है। केंद्रीय बैंक ने इसके लिए आवेदन मंगाए थे। अभी तक जो भी प्रस्ताव आए हैं, उनमें से किसी में भी कुछ नया नहीं है।



### क्रिप्टो नियमों पर दूसरों का नहीं करेंगे अनुसरण

दास ने कहा, केंद्रीय बैंक क्रिप्टोकरेंसी नियमों पर दूसरों का अनुकरण नहीं करेगा। जो दूसरे बाजार के लिए अच्छा है, जरूरी नहीं कि वह हमारे लिए भी अच्छा हो। इसलिए, आरबीआईऔर व्यक्तिगत रूप से हमारे विचार वही रहेंगे उनका यह बयान अमेरिकी प्रतिभूति एवं विनिमय आयोग की ओर से अमेरिका में बिटकॉइन एक्सचेंज-ट्रेडेड फंड के निर्माण के लिए बदलावों को मंजूरी देने के बाद आया है। सेंट्रल बैंक डिजिटल मुद्रा (सीबीडीसी) पर एक सवाल के जवाब में दास ने कहा, आरबीआई डिजिटल रुपये की 'प्रोग्रामेबिलिटी' पर काम कर रहा है ताकि इसका इस्तेमाल सरकारी सब्सिडी या नकदी जैसे विशिष्ट भुगतानों के लिए किया जा सके।

### सिंगापुर से सीधे खाते में धन पा सकते हैं भारतीय : एनपीसीआई

एनपीसीआई ने कहा, भारतीय अब यूपीआई के साथ एसबीआई, आईसीआईसीआई, एक्सिस और अन्य बैंकों के एप से तत्काल समय में सिंगापुर से अपने खातों में धन प्राप्त कर सकते हैं। उपयोगकर्ताओं के लिए यह सुविधा सातों दिन और 24 घंटे उपलब्ध है।

## साल भर बाद गूगल ने सैकड़ों कर्मियों को निकाला, पहले भी 12,000 कर्मचारियों को नौकरी से कर चुका है बाहर

**वाशिंगटन ।** गूगल ने साल की शुरुआत में ही सैकड़ों कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया है। कयास लगाए जा रहे हैं कि कंपनी अब इन कर्मचारियों की जगह आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का इस्तेमाल करेगी। पिछले साल जनवरी में भी गूगल ने 12,000 कर्मचारियों को नौकरी से बाहर किया था। हालांकि, गूगल का कहना है कि यह फैसला नियमित कटौती का हिस्सा है। रिपोर्ट के मुताबिक छंटनी से खासतौर पर वे कर्मचारियों प्रभावित हुए हैं, जो गूगल के वॉइस बेस्ड गूगल असिस्टेंट और ऑगमेंटेड रियलिटी हार्डवेयर टीम से जुड़े हैं। गूगल ने सेंट्रल इंजीनियरिंग ऑर्गेनाइजेशन से भी कुछ कर्मचारियों की छंटनी की है। गूगल ने इस संबंध में कहा है कि 2023 की दूसरी छमाही के दौरान कई टीमों के अधिक कुशल बनने में हुए बदलावों के चलते कुछ पदों को समाप्त किया जा सकता है। गूगल की इस ताजा छंटनी को लेकर सबसे पहली रिपोर्ट सीमफॉर ने दी है, जिसके मुताबिक गूगल असिस्टेंट टीम में छंटनी के दायरे में आए कर्मचारियों को सूचना मिलना शुरू हो गई है। इस कदम की अल्फाबेट वर्कर्स यूनियन ने आलोचना की है। यूनियन के मुताबिक गूगल की पेरेंट कंपनी अल्फाबेट के दुनियाभर में सितंबर 2023 तक 1,82,381 कर्मचारी थे। इसी दौरान अल्फाबेट ने एलान किया था कि कंपनी अपने कार्यबल में 6 फीसदी की कटौती करेगी, जिससे करीब 12 हजार लोगों की नौकरी जाएगी। प्रतिस्पर्धा कानून उल्लंघन के मामले में यूरोपीय संघ ने शीर्ष कोर्ट को गूगल से 260 करोड़ डॉलर का जुर्माना वसूलने की सलाह दी है। नियामकों ने पाया कि गूगल ने खरीदारी की सिफारिशों को खोज नतीजों में प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ अपनी प्रभावी स्थिति का अवैध लाभ लिया है। महाधिवक्ता जूलियन कोकोट ने जुर्माने के विरुद्ध दायर गूगल की याचिका खारिज करने की सलाह दी।

## मुकेश अंबानी फिर बने भारत के सबसे अमीर कारोबारी

# 8.46 लाख करोड़ नेटवर्थ के साथ अडाणी को पीछे छोड़ा, लेकिन दुनिया में 12वें नंबर पर



**नई दिल्ली।**
रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी एक बार फिर भारत के सबसे अमीर कारोबारी बन गए हैं। उनकी नेटवर्थ 2.8 बिलियन डॉलर (करीब 23 हजार करोड़) बढ़कर 101.8 बिलियन डॉलर (करीब 8.46 लाख करोड़) हो गई है। अंबानी जून 2022 के बाद पहली बार 100 बिलियन डॉलर क्लब में भी शामिल हो गए हैं। अंबानी के पास रिलायंस इंडस्ट्री की 42 प्रतिशत हिस्सेदारी है। एक सप्ताह पहले अडाणी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडाणी नेटवर्थ के मामले में अंबानी को पीछे छोड़कर सबसे अमीर कारोबारी बने थे। तब वे ब्लूमबर्ग बिलेनियर लिस्ट में 8.12 लाख करोड़ की वेल्थ के साथ दुनिया में 12वें नंबर पर थे। अंबानी 8.07 लाख करोड़ के साथ 13वें नंबर पर थे।

इलेक्ट्रिक व्हीकल कंपनी टेस्ला के सीईओ एलन मस्क 17.60 लाख करोड़ रुपए की नेटवर्थ के साथ दुनिया के सबसे अमीर कारोबारी हैं। उनके बाद 14.94 लाख करोड़ रुपए की नेटवर्थ के साथ अमेजन के फाउंडर जेफ बेजोस और तीसरे नंबर पर के बर्नार्ड अरनॉल्ट हैं। उनकी नेटवर्थ 13.62 लाख करोड़ रुपए है। रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने 27 अक्टूबर को फाइनेंशियल ईयर 2023-24 की दूसरी तिमाही के नतीजे जारी किए थे। जुलाई-सितंबर तिमाही में कंपनी का नेट प्रॉफिट सालाना आधार पर 27 प्रतिशत बढ़कर 17,394 करोड़ रुपए रहा। एक साल पहले कंपनी का नेट प्रॉफिट 13,656 करोड़ था। ऑपरेशंस से मौजूदा वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में कंपनी का रेवेन्यू 1 प्रतिशत बढ़कर 2.32 लाख करोड़ रुपए रहा था। पिछले फाइनेंशियल ईयर की इसी अवधि में यह 2.30 लाख करोड़ रुपए रहा था। वहीं पिछली तिमाही (अप्रैल-जून) में कंपनी का रेवेन्यू 2.07 लाख करोड़ रुपए रहा था। अडाणी ग्रुप के चेयरपर्सन गौतम अडाणी एक बार फिर ब्लूमबर्ग बिलेनियर इंडेक्स में रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी को पीछे छोड़कर भारत के सबसे अमीर आदमी बन गए हैं। गौतम अडाणी ने शेयरों में आई तेजी के कारण वर्ल्ड रैंकिंग में टॉप 12 में अपनी जगह बना ली है, वहीं अंबानी एक पायदान नीचे 13वें स्थान पर हैं।

# सोना फिर 62 हजार के पार, चांदी 72 हजार रुपए

**नई दिल्ली ।**
**घरेलू बाजार में सोने और चांदी के वायदा भाव की शुरुआत भी तेज रही। हालांकि इस सप्ताह ज्यादातर सोने और चांदी के वायदा भाव तेजी के साथ खुलने के बाद गिरावट पर बंद हुए। सोने के वायदा भाव शुक्रवार की तेजी के बाद फिर से 62 हजार रुपए पार कर गए हैं। ये भाव 62 हजार रुपए से नीचे बंद हुए थे। फिलहाल सोने के भाव 62 हजार रुपए से ऊपर कारोबार कर रहे थे। चांदी के वायदा भाव तेजी के बावजूद 72 हजार रुपए से नीचे कारोबार कर रहे हैं।**

अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने और चांदी के वायदा भाव में तेजी देखी जा रही है। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का बेंचमार्क फरवरी कॉन्ट्रैक्ट आज 137 रुपए की तेजी के साथ 61,925 रुपए के भाव पर खुला। फिलहाल यह कॉन्ट्रैक्ट 384 रुपए की तेजी के साथ 62,172 रुपए के भाव पर कारोबार कर रहा था। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क मार्च कॉन्ट्रैक्ट 507 रुपए की तेजी के साथ 71,861 रुपए के भाव पर खुला। फिलहाल यह कॉन्ट्रैक्ट 457 रुपए की तेजी के साथ 71,811 रुपए के भाव पर कारोबार कर रहा था। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कॉमेक्स पर सोना 2,033.20 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 2,019.20 डॉलर था। फिलहाल यह 18.50 डॉलर की तेजी के साथ 2,037.70 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था। कॉमेक्स पर चांदी के वायदा भाव 22.92 डॉलर के भाव पर खुले, पिछला बंद भाव 22.70 डॉलर था। फिलहाल यह 0.29 डॉलर की तेजी के साथ 22.99 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था।



# हर पैसेंजर को ट्रेन टिकट पर पहले से मिल रही 55 प्रतिशत छूट दे रही है भारतीय रेलवे : अश्विनी वैष्णव


**नई दिल्ली ।**
रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट के प्रगति की समीक्षा करने के लिए अहमदाबाद में हैं। इस अवसर पर एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में जब पूछा गया ट्रेन की रियायतों के बारे में सवाल पूछा गया तो उन्होंने कहा कि पूर्व-कोविड के बाद वरिष्ठ नागरिकों और मीडियाकर्मियों को ट्रेन की यात्रा पर 55 फीसदी की रियायत दी जा रही है। यह रियायत देश के प्रत्येक ट्रेन पर मिल रही है।

इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में रियायतों की बहाली पर मीडियाकर्मियों के सवालों का उन्होंने कोई सीधा जवाब नहीं दिया है। मार्च 2020 में लगाए गए कोविड-19 लॉकडाउन से पहले ही रेल मंत्री ने वरिष्ठ नागरिकों और सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त पत्रकारों को ट्रेन किराए में 50 प्रतिशत छूट की पेशकश की थी।

हालांकि, लॉकडाउन के दौरान देश में रेलवे परिचालन पूरी तरह से बंद हो गया था। वहीं, जून 2022 में जब यह पूरी तरह से फिर से शुरू हुआ, तो रेल मंत्रालय ने इन रियायतों को बहाल नहीं किया। तब से यह मुद्दा संसद के दोनों सदनों सहित विभिन्न प्लेटफार्मों पर उठाया गया है।

### वर्ष 2022-23 में भारतीय रेलवे ने वरिष्ठ नागरिक से कमाए इतने रुपये

प्रेस कॉन्फ्रेंस में वैष्णव ने कहा कि अगर किसी गंतव्य तक के ट्रेन टिकट की कीमत 100 रुपये है तो रेलवे केवल 45 रुपये का चार्ज लेगी। ऐसे में रेलवे यात्री को 55 रुपये की रियायत दर दे रहा है।




इससे पहले मध्य प्रदेश स्थित चंद्रशेखर गौड़ द्वारा दायर एक आरटीआई आवेदन किया गया था। इस आईटीआर का जवाब देते हुए भारतीय रेलवे ने कहा कि उसने वित्तीय वर्ष 2022-23 में लगभग 15 करोड़ वरिष्ठ नागरिकों से लगभग 2,242 करोड़ रुपये कमाए।

## 1.98 लाख करोड़ से अधिक की कर चोरी में 140 गिरफ्तार

# वित्त मंत्रालय ने कहा- एक साल में 6323 मामले सामने आए

**नई दिल्ली ।**
सरकार की सख्ती से पिछले साल 1.98 लाख करोड़ रुपये से अधिक की जीएसटी चोरी पकड़ी गई। टैक्स चोरी में शामिल 140 सरगनाओं को गिरफ्तार किया गया, जो सरकारी खजाने को चपत लगा रहे थे।

वित्त मंत्रालय ने कहा, जीएसटी सूचना महानिदेशालय (डीजीजीआई) ने 2023 में ऑनलाइन गेमिंग, कसीनो, बीमा और कार्यबल से जुड़ी सेवाओं के आयात जैसे विभिन्न क्षेत्रों में कर चोरी एवं स्वैच्छिक भुगतान के मामलों का पता लगाया। इस अवधि में डीजीजीआई ने 28,362 करोड़ रुपये के स्वैच्छिक भुगतान के साथ 1,98,324 करोड़ रुपये के कर चोरी से जुड़े 6,323 मामलों का पता लगाया।

इससे पहले 2022 में 90,499 करोड़ रुपये की टैक्स चोरी और स्वैच्छिक भुगतान के 22,459 करोड़ रुपये से जुड़े 4,273 मामले सामने आए थे। 97 लोगों को गिरफ्तार किया गया था। मंत्रालय ने कहा, डीजीजीआई की ओर से पकड़ी गई जीएसटी चोरी सालाना आधार पर 119 फीसदी अधिक है। स्वेच्छा से भुगतान मामले भी 26 फीसदी बढ़ गए।



### 21,078 करोड़ की आईटीसी चोरी

फर्जी इनपुट कर क्रेडिट (आईटीसी) के मामलों को पकड़ने के लिए डीजीजीआई ने विशेष अभियान चलाया। इस कारण 21,078 करोड़ रुपये की आईटीसी धोखाधड़ी के 2,335 मामले पकड़े गए। इसमें स्वैच्छिक भुगतान 2,642 करोड़ रुपये था। फर्जी बिल को लेकर 116 लोगों को गिरफ्तार किया गया। 2022 में 14,471 करोड़ रुपये की आईटीसी धोखाधड़ी के 1,646 मामले पकड़े गए थे। स्वैच्छिक भुगतान 1,604 करोड़ रुपये था और 82 सरगनाओं को गिरफ्तार किया था।

### एलआईसी को 3,529 करोड़ का नोटिस

कर विभाग ने भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) को करीब 3,529 करोड़ रुपये की कर मांग को लेकर दो नोटिस जारी किए हैं। सार्वजनिक क्षेत्र की बीमा कंपनी ने बृहस्पतिवार को शेयर बाजार को बताया कि आयकर विभाग, मुंबई के सहायक कर आयुक्त की ओर से कंपनी को कर मांग को लेकर नोटिस मिला है। वह निर्धारित समयसीमा के भीतर संबंधित आदेशों के खिलाफ आयुक्त (अपील), मुंबई के समक्ष अपील दायर करेगी।

## बैंक ऋण धोखाधड़ी से जुड़े धनशोधन मामले में 5 गिरफ्तार, मुखौटा कंपनियों में पैसे घुमाने का आरोप

**नई दिल्ली ।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने टाटा स्टील में विलय हो चुकी कंपनी भूषण स्टील लिमिटेड (बीएसएल) के खिलाफ 56,000 करोड़ रुपये के ऋण धोखाधड़ी से जुड़े धनशोधन मामले में पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। जिन लोगों को हिरासत में लिया गया उनमें कंपनी के पूर्व उपाध्यक्ष बैंकिंग पंकज कुमार तिवारी, पूर्व उपाध्यक्ष लेखा पंकज कुमार अग्रवाल, पूर्व मुख्य वित्तीय अधिकारी नितिन जौहरी, पूर्व प्रमोटर नीरज सिंघल के बहनोई अजय मित्तल और अजय मित्तल की पत्नी और नीरज सिंघल की बहन अर्चना मित्तल शामिल हैं। कॉरपोरेट दिवाला समाधान प्रक्रिया (सीआईआरपी) को पूरा करने के बाद 2018 में भूषण स्टील का टाटा स्टील लिमिटेड ने अधिग्रहण कर लिया था। ईडी के अनुसार, भूषण स्टील लिमिटेड के पूर्व प्रबंध निदेशक नीरज सिंघल और उनके सहयोगियों ने कई मुखौटा कंपनियां बनाई और बीएसएल से जुड़े प्रमोटरों और संस्थाओं ने कथित बैंक ऋण धोखाधड़ी के हिस्से के रूप में कई संस्थाओं की एक श्रृंखला के माध्यम से एक कंपनी से दूसरी कंपनी में धन को घुमाया। मनी लॉन्ड्रिंग का यह मामला कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय के तहत आने वाली जांच एजेंसी गंभीर धोखाधड़ी जांच कार्यालय (एसएफआईओ) की ओर से दायर आरोपपत्र से उपजा है।



# आगामी विश्व कप के लिए रोहित और विराट को शामिल करना चाहिये : रैना

**बेंगलुरु ।**
भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व ऑलराउंडर सुरेश रैना ने कहा है कि आगामी विश्व कप के लिए अनुभवी बल्लेबाज रोहित शर्मा और विराट कोहली को शामिल किया जाना चाहिये। रैना के अनुसर इन दोनो अनुभवी खिलाड़ियों के होने से भारतीय टीम को काफी फायदा होगा। रोहित और विराट की 14 महीने बाद भारतीय टीम में वापसी हुई है। रैना ने कहा कि इन दोनो की मौजूदगी से टीम बेहतर होगी। रैना ने कहा, 'विश्व कप के लिए अमेरिका और वेस्टइंडीज में विकेट कठिन होंगे। ऐसे में भारतीय टीम को रोहित और कोहली के अनुभव की जरूरत रहेगी। कोहली के टी20 क्रिकेट में 12,000 रन हैं। उन्होंने कहा, 'इसलिए इनकी मौजूदगी से भारत की बल्लेबाजी बेहतर होगी और भारत की टी20 विश्व कप में जीतने की संभावना भी बढ़ जाएगी।

उन्होंने कहा, 'एकदिवसीय विश्व कप में इन दोनो की फॉर्म बहुत अच्छी थी और कप्तान के तौर पर रोहित की मौजूदगी से ड्रेसिंग रूम में भी खिलाड़ियों का हौंसला बढ़ता है। रैना के अनुसार कोहली को तीसरे नंबर पर ही बल्लेबाजी करानी चाहिए और पारी की शुरुआत की जिम्मेदारी रोहित और यशस्वी जायसवाल की होनी चाहिए। उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि कोहली को तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करनी चाहिए क्योंकि उसके अनुभव से टीम को मजबूती मिलेगी विशेष रुप से अमेरिका और वेस्टइंडीज की कठिन पिचों पर। टीम में कई अच्छे युवा क्रिकेटर यशस्वी , रिंकू सिंह और शुभमन गिल आदि हैं पर इसके बाद भी रोहित और कोहली के होने से बल्लेबाजी इकाई को मजबूती मिलेगी।

उनका यह भी मानना है कि विश्व कप जैसे दबाव भरे टूर्नामेंट में जब टीम लक्ष्य का पीछा करेगी तो भी इन दोनो की मौजूदगी अहम साबित होगी। रैना ने रिंकू की प्रगति पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा, 'रिंकू को जो भी मौके मिले हैं, उसने उसमें काफी अच्छा किया है, उसने बतौर फिनिशर भी काफी सूझबूझ का परिचय दिया है। वह निर्भीक क्रिकेटर है। उन्होंने कहा, 'उसका रहना महत्वपूर्ण है और अगर ऋषभ पंत विश्व कप के लिये समय रहते फिट हो जाते हैं तो टीम के पास एक और मैच विजेता होगा।

## न्यूज ब्रीफ

### ऑस्ट्रेलिया ने द.अफ्रीका श्रृंखला के लिए महिला टीम की घोषणा की




**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया ने दक्षिण अफ्रीका के साथ अपनी पहली बहु-प्रारूप श्रृंखला के लिए सफेद गेंद वाले चरण के लिए 15 खिलाड़ियों की टीम की घोषणा की है, जिसमें हाल ही में भारत दौरे से लौटी टीम में कोई बदलाव नहीं किया गया है। एलिसा हीली दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ ऐतिहासिक पहले टेस्ट के साथ श्रृंखला समाप्त करने से पहले तीन टी20 और तीन एकदिवसीय मैच खेलने के लिए एक अनुभवी ऑस्ट्रेलियाई टीम का नेतृत्व करेंगी। टेस्ट के लिए टीम की घोषणा 3 फरवरी को पहले वनडे के बाद की जाएगी। सीए की प्रदर्शन प्रमुख (महिला क्रिकेट) और राष्ट्रीय चयनकर्ता, शॉन फ्लेगलर ने कहा, आगामी टी20 और वनडे के लिए टीमें हाल ही में भारत की यात्रा करने वाली टीमों के समान हैं। फ्लेगलर ने कहा, जैसा कि अक्टूबर में वेस्टइंडीज के खिलाफ हमारी घरेलू श्रृंखला में हुआ था। ग्रेस हैरिस केवल टी20 के लिए टीम का हिस्सा हैं और वनडे के लिए उनकी जगह अलाना किंग को लिया जाएगा। तीन टी20 मैच 27, 28 और 30 जनवरी को खेले जाएंगे। पहले दो मैच कैनबरा के मनुका ओवल में होंगे, जबकि तीसरा और अंतिम टी20 होबार्ट के ब्लंडस्टोन एरेना में होगा। इसके बाद 3 फरवरी को एडिलेड और सिडनी में 7 और 10 को वनडे मैच खेले जाएंगे।

### अब ऑस्ट्रेलियाई टीम की ओर से पारी की शुरुआत करेंगे स्मिथ

**सिडनी ।** डेविड वॉर्नर के संन्यास के बाद अब अनुभवी बल्लेबाज स्टीव स्मिथ को पारी की शुरुआत का



अवसर मिलना तय है। इसका कारण ये है कि क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) स्मिथ को वार्नर के बेहतर विकल्प के रुप में देखता है। सीए चाहता है कि उस्मान ख्वाजा के जोड़ीदार के तौर पर स्मिथ उतरें। स्वयं वॉर्नर ने भी अंतिम टेस्ट मैच खेलने के बाद कहा था कि स्मिथ पारी की शुरुआत के लिए बेहतर रहेंगे। वहीं चयनकर्ता भी स्मिथ के अनुभव को देखते हुए ये जिम्मेदारी उन्हें देना चाहते हैं। स्मिथ ने साल 2010 में टेस्ट करियर की शुरुआत लेग स्पिनर के रूप में की थी। इसके बाद वह नौवें नंबर पर बल्लेबाजी करते-करते तीसरे नंबर पर पहुंचे। वहीं अब वह पारी की शुरुआत के लिए तैयार हैं। स्मिथ ने भी हाल ही में इच्छा जताई थी कि वह टेस्ट में पारी की शुरुआत करना चाहते हैं। स्मिथ ने सबसे ज्यादा नंबर 4 पर बल्लेबाजी की है। अब वह वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट मैचों में ख्वाजा के साथ पारी की शुरुआत करते हुए नजर आयेंगे। मुख्य चयनकर्ता जॉर्ज बेली ने वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए 13 सदस्यीय टीम की घोषणा करते हुए कहा कि स्मिथ टेस्ट मे शुरुआत करेंगे। स्मिथ की गिनती आज विश्व के शीर्ष बल्लेबाजों में होती है। उन्होंने अपने डेब्यू टेस्ट मैच में आठवे नंबर पर बल्लेबाजी की थी। स्मिथ टीम के कप्तान भी रहे हैं। स्मिथ आज ऑस्ट्रेलियाई टीम के अहम सदस्य हैं। उनकी गिनती वर्तमान समय के पसंदीदा चार बल्लेबाजों में होती है। इस सूची में विराट कोहली, स्टीव स्मिथ, केन विलियम्सन और बाबर आजम जैसे नाम हैं।

### आईपीएल के जरिए टी20 विश्व कप में अपनी जगह बनाना चाहते हैं अक्षर

**मोहाली।** बाएं हाथ के स्पिन ऑलराउंडर अक्षर पटेल का लक्ष्य आगामी आईपीएल 2024 में दमदार प्रदर्शन करके टी20 विश्व कप टीम में जगह पक्की करना है, क्योंकि चोट के कारण उन्हें वनडे विश्व कप से बाहर होना पड़ा था। अक्षर ने मोहाली में अफगानिस्तान के खिलाफ पहले टी20 इंटरनेशनल मैच में सराहनीय प्रदर्शन करते हुए दो विकेट लिए और चार ओवर में 23 रन दिए। अक्षर ने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, मेरा काम अपने काम की नैतिकता और प्रक्रिया में 100 प्रतिशत देना है। मैं इस बारे में ज्यादा चिंता नहीं कर रहा हूं कि विश्व कप टीम चयन का क्या होगा। अगर मैं ऐसा करता हूं, तो मैं खुद पर दबाव डालूंगा। अभी मैं आईपीएल पर ध्यान केंद्रित करना चाहता हूं और फिर हमें जल्द ही इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज भी खेलनी है। वेस्टइंडीज और यूएसए में होने वाले विश्व कप से पहले भारत को सिर्फ दो और टी 20 मैच खेलने हैं। अक्षर भारतीय टीम में एक स्थान के लिए कड़ी प्रतिस्पर्धा को लेकर सचेत हैं। उन्होंने कहा, हम विश्व कप से पहले आखिरी दो टी20 मैच खेलने जा रहे हैं। फिर हमारे पास आईपीएल है। मुझे पता है कि वहां भारत की टीम में विश्व कप स्थान के लिए बहुत प्रतिस्पर्धा होगी, लेकिन मेरी प्रतिस्पर्धा खुद से है और मैं सिर्फ अपने प्रदर्शन पर ध्यान दूंगा।

## बेंगलुरु और दिल्ली में हो सकता है विमेंस प्रीमियर लीग

# चिन्नास्वामी में लीग स्टेज, अरुण जेटली स्टेडियम में प्लेऑफ ; टूर्नामेंट 22 फरवरी से संभव

**बेंगलुरु ।**
विमेंस प्रीमियर लीग का दूसरा सीजन बेंगलुरु और दिल्ली में खेला जा सकता। बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में लीग स्टेज के मुकाबले कराने का प्लान है। जबकि दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडिम में प्लेऑफ के मुकाबले कराए जा सकते हैं। टूर्नामेंट 22 फरवरी से शुरू हो कर 17 मार्च तक चल सकता है। 2023 में टूर्नामेंट का पहला सीजन खेला गया, इसे मुंबई इंडियंस विमेंस ने जीता था।



### कारवां मॉडल में हो सकता है टूर्नामेंट

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड डब्लूपीएल के दूसरे सीजन को कारवां मॉडल में आयोजित करने का प्लान बना रहा है। कारवां मॉडल में लीग स्टेज के 20 मुकाबले बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में होंगे। फिर प्लेऑफ में क्वालिफाई करने वाली टीमें दिल्ली जाएंगी। जहां के अरुण जेटली स्टेडियम में एलिमिनेटर और फाइनल खेला जाएगा।

### एक ही राज्य में कराना चाह रहा था बीसीसीआई

रिपोर्ट्स के अनुसार, बीसीसीआई विमेंस प्रीमियर लीग के दूसरे सीजन को एक ही राज्य के अलग-अलग स्टेडियम में करवाना चाह रहा था। क्योंकि एक ही राज्य में मैच होने से मैनेजमेंट आसानी से हो जाता है। बीसीसीआई ने महाराष्ट्र और गुजरात के 2 ऑप्शन निकाले थे। लेकिन मुंबई में सीजन-1 के सभी मैच खेले गए, इसलिए इस बार उसे मेजबानी नहीं दी जा रही। जबकि अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम की दर्शक क्षमता टूर्नामेंट के लिए कुछ ज्यादा ही हो जाती। इसलिए बीसीसीआई ने इन दोनों स्टेडियम को ड्रॉप किया और आखिर में दिल्ली और बेंगलुरु पर सहमति बना ली। हालांकि अब तक बीसीसीआई ने वेन्यू की पुष्टि नहीं की है।

### वेन्यू के मैच भी तय नहीं

दोनों वेन्यू पर कितने मैच होंगे, बीसीसीआई ने ये भी अब तक तय नहीं किया है। हालांकि माना जा रहा है कि एक शहर में लीग स्टेज के सभी मुकाबले और दूसरे में प्लेऑफ के 2 मुकाबले खेले जाएंगे। पहले सीजन में मुंबई के डीवाई पाटिल और ब्रेबोर्न स्टेडियम में सभी मुकाबले खेले गए थे। तब लीग स्टेज में 20 और प्लेऑफ में 2 मैच हुए थे। डब्लूपीएल के दूसरे सीजन को बीसीसीआई इस बार भी आईपीएल के पहले ही खत्म करना चाहता है। क्योंकि दोनों टूर्नामेंट एक साथ कराने में ग्राउंड और मैनेजमेंट की दिक्कतें आएंगी। आईपीएल की तारीखें भारत में लोकसभा चुनाव होने की वजह से तय नहीं हैं। इसलिए डब्लूपीएल की तारीखें भी अब तक तय नहीं हो पा रही हैं। माना जा रहा है कि लोकसभा चुनाव के चलते आईपीएल भी कारवां मॉडल में हो सकता है। टूर्नामेंट कोरोना काल के दौरान 2020 और 2022 में भी कारवां मॉडल में हुआ था।


### मुंबई ने जीता था पहला खिताब

विमेंस प्रीमियर लीग के पहले सीजन का खिताब मुंबई इंडियंस ने जीता था। टीम ने दिल्ली कैपिटल्स को फाइनल में हराया था। तब यूपी वॉरियर्ज की टीम तीसरे नंबर पर रही थी। जबकि रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और गुजरात जायंट्स की टीम लीग स्टेज से बाहर हो गई थीं।

### पहले टी20 मुकाबले में कई सकारात्मक चीजें हुईं : रोहित रन आउट पर बोले , हमेशा आपके अनुसार नहीं होता

**मोहाली ।** भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने अफगानिस्तान के खिलाफ पहले टी20 मुकाबले कई सकारात्मक चीजें देखने को मिली हैं। उन्होंने कहा कि हमारे स्पिनरों और तेज गेंदबाजों ने अच्छी गेंदबाजी की है। भारतीय टीम को इस मैच में शिवम दुबे के अर्धशतक से जीत मिली है जिससे वह तीन मैचों की सीरीज में 1-0 से आगे हो गयी है। इस मैच में कप्तान रोहित शर्मा पहले ही ओवर में तेजी से रन लेने के प्रयास में रन आऊट गए थे क्योंकि शुभमन ने उनका साथ नहीं दिया। इससे रोहित ने मैदान पर ही शुभमन से नाराजगी जतायी हालांकि बाद में रोहित ने कहा कि इस प्रकार के मामले होते रहते हैं क्योंकि सब कुछ आपके अनुसार नहीं होता। रोहित ने इस दौरान कैच छूटने पर भी बात की। उन्होंने कहा कि गेंद मेरी उंगली की नोक पर लगी थी जिस कारण तेज दर्द हुआ पर धीरे धीरे यह ठीक हो गया। रोहित ने शुभमन के साथ हुए रन आऊट विवाद पर कहा कि ये चीजें होती रहती हैं। रोहित बोले, आप वहां रहना चाहते हैं और टीम के लिए रन बनाना चाहते हैं। सब कुछ आपके अनुसार नहीं होगा।

# वेस्टइंडीज का ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए अनुभवहीन टीम भेजना गलत : डुजॉन



**किंग्स्टन ।**
वेस्टइंडीज के पूर्व क्रिकेटर जेफरी डुजॉन ने ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए युवा खिलाड़ियों की टीम भेजने पर नाराजगी जतायी है। डुजॉन के अनुसार इस अनुभवहीन टेस्ट टीम भेजने का कोई अर्थ नहीं रह जाता है।

उन्होंने कहा कि इस दौरे में केवल कप्तान क्रैग ब्रैथवेट, केमार रोच, अल्ज़ारी जोसेफ, जोशुआ दा सिल्वा और टैगेनारिन चंद्रपॉल ही अनुभवी हैं। जेसन होल्डर और काइल मेयर्स अभी फ्रेंचाइजी टी20 लीग खेल रहे हैं जबकि जेडन सील्स कंधे की चोट के कारण बाहर हैं। ऐसे में टेस्ट टीम में 15 खिलाड़ियों में से 7 गैरअनुभवी हैं। अनुभवहीन खिलाड़ी हैं बल्लेबाज जाचरी मैकास्की, विकेटकीपर टेविन इमलाच, ऑलराउंडर जस्टिन ग्रीव्स, केवम हॉज, केविन सिंक्लेयर, तेज गेंदबाज अकीम जॉर्डन और शमर जोसेफ।

डुजॉन ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया की हालत हमारे समान नहीं हैं। हो सकता है कि उनके खिलाड़ी अधिक देशभक्त हों और राष्ट्रीय टीम से खेलने को अधिक वरीयता देते हों।

अन्होंने कहा कि अगर हमने युवा टीम को किसी कमजोर देश से खेलने के लिए भेजा होता तो बेहतर होता पर ऑस्ट्रेलिया जैसी टीम के खिलाफ युवाओं को भेजना कहीं से भी सही नहीं है। वेस्टइंडीज और ऑस्ट्रेलिया के बीच पहला टेस्ट 17 जनवरी को एडिलेड में शुरू होगा। उसके बाद 25 जनवरी से गाबा में दूसरा टेस्ट शुरू होगा। अंतिम बार वेस्टइंडीज ने ऑस्ट्रेलिया में 1992/93 में टेस्ट सीरीज जीती। वहीं टेस्ट क्रिकेट को लेकर डुजॉन ने कहा कि जब तक आपके सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी नहीं खेलेंगे तब तक क्रिकेट में सुधार नहीं हो सकता।

# भारतीय महिला हॉकी टीम की नजर खुद को आक्रामक बनाने पर, कप्तान सविता पूनिया ने कही यह बात



**रांची ।**
स्ट्राइकर लालरेमसियामी ने कहा कि भारतीय महिला हॉकी टीम यहां शुरू होने वाले क्वालिफाइंग टूर्नामेंट में ओलंपिक कोटा हासिल करने के इरादे से मजबूत आक्रामक ताकत बनने के लिए अपने कौशल को निखारने और अपने अग्रिम पंक्ति खिलाड़ियों के मैदानी हमलों में सामंजस्य पर ध्यान केंद्रित कर रही है। रांची में 13 से 19 जनवरी तक होने वाले आठ देशों के इस टूर्नामेंट में शीर्ष तीन में रहने वाली टीमें इस साल होने वाले पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालिफाई करेंगी। लालरेमसियामी ने अग्रिम पंक्ति को निखारने को लेकर चल रहे काम पर कहा, 'हमारी तैयारी अग्रिम पंक्ति को मजबूत करने पर केंद्रित है। हमने मजबूत आक्रामक ताकत बनने के लिए अपने समन्वय को बढ़ाने, अपने कौशल को निखारने और अपने हमलों में सामंजस्य पर ध्यान केंद्रित किया है। उन्होंने कहा- हम अपनी योजनाओं को प्रभावी ढंग से क्रियान्वित करने की तैयारी और उत्सुकता के साथ टूर्नामेंट में प्रवेश कर रहे हैं। हमारा ध्यान पेरिस ओलंपिक में जगह सुरक्षित करने के लिए अपनी अग्रिम पंक्ति की क्षमताओं को शीर्ष स्तर पर ले जाने पर है। कप्तान सविता पूनिया ने कहा, 'हमारा मजबूत पक्ष आक्रमण करना है, हालांकि हमारा रक्षण भी अच्छा है। हम आगामी मुकाबलों में ऐसा ही करेंगे।

# रियान पराग के लिए बड़ी बात बोल गए आर अश्विन, कहा- अभी भी एक युवा खिलाड़ी है जो बेहतर हो रहा

**नई दिल्ली।**
**भारत के अनुभवी ऑलराउंडर रविचंद्रन अश्विन ने रियान पराग को लेकर बड़ा बयान दिया है। रियान पराग के घरेलू प्रदर्शन को देखते हुए अश्विन का मानना है कि वह अभी युवा हैं, जो बेहतर हो रहे हैं। उन्होंने रियान पराग की अलोचना करने वालों को जवाब दिया। अपने यूट्यूब चैनल पर बोलते हुए आर अश्विन ने कहा कि रियान पराग अभी भी यंग हैं। उनके पास बेहतर बनने का अवसर है। अश्विन का यह बयान तब आया जब रियान के प्रदर्शन पर लोगों ने सवाल उठाए। अश्विन ने अलोचना करने वालों को जवाब दिया।**

### अलोचना करने वालों को अश्विन ने दिया जवाब

अश्विन ने कहा, आईपीएल 2023 में खराब प्रदर्शन के बाद रियान पराग की अलोचना की गई। हम भूल गए कि वह अभी युवा क्रिकेटर हैं, जो बेहतर हो रहा है। पराग ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी और विजय हजारे ट्रॉफी में असम के लिए उपयोगी पारियां खेली हैं। रणजी ट्रॉफी में छत्तीसगढ़ के खिलाफ 155 रन अपनी काबिलियत साबित की है।



### रियान पराग की पारी से हुए प्रभावित

अश्विन ने आगे कहा, पराग ने परिस्थितियों को समझते हुए अपना स्वाभाविक खेल खेला। टॉप ऑर्डर के बल्लेबाजों के फेल होने के बाद रियान पराग ने कमान अपने हाथ में ली। यह दर्शाता है कि पराग टीम की जरूरत को समझते हैं।

### रणजी ट्रॉफी के इतिहास में जड़ा दूसरा सबसे तेज शतक

बता दें कि 22 साल के इस युवा खिलाड़ी ने रणजी ट्रॉफी के इतिहास में दूसरा सबसे तेज शतक जड़ने का कारनाम किया है। रियान पराग ने 87 गेंद का सामना करते हुए 155 रन की ताबड़तोड़ शतकीय पारी खेली। इस पारी के दौरान रियान पराग ने 12 छक्के और 11 चौके जड़े। इससे पहले 2016 में ऋषभ पंत ने 48 गेंद पर शतक जड़ने का कमला किया था।

# क्वालिफायर के खिलाफ अपने अभियान का आगाज करेंगे जोकोविच, अल्कारेज का पहला मुकाबला गास्केट से

**मेलबर्न ।**
**सर्बिया के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच अपने 11वें ऑस्ट्रेलियाई ओपन खिताब के लिए शुरू हो रहे इस टूर्नामेंट में क्वालिफायर खिलाड़ी के खिलाफ शुरुआत करेंगे। आयोजकों ने टूर्नामेंट का ड्रॉ निकाला। अगर जोकोविच जीत जाते हैं तो उनकी भिड़ंत तीसरे दौर में पूर्व विश्व नंबर एक खिलाड़ी एंडी मरे से हो सकती है। मरे का इस ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट में पहला मैच 30वीं वरीयता प्राप्त टॉमस मार्टिन एचेवेरी के खिलाफ होगा।**



वहीं, दूसरी वरीयता प्राप्त स्पेन के कार्लोस अल्कारेज अपनी शुरुआत पूर्व विश्व नंबर सात रिचर्ड गास्के के खिलाफ करेंगे। अल्कारेज पिछले साल इस टूर्नामेंट में नहीं खेले थे। उनके अलावा तीसरी वरीयता प्राप्त दानिल मेदवेदेव अपने पहले दो मैचों में क्वालिफायर खिलाड़ी से भिड़ सकते हैं। दो बार के ऑस्ट्रेलियन ओपन फाइनलिस्ट का तीसरे दौर में कनाडा के 27वीं वरीयता प्राप्त फेलिक्स ऑगर-अलियासिमे से मुकाबला हो सकता है। कनाडाई खिलाड़ी को पूर्व विश्व नंबर तीन डोमिनिक थिएम के खिलाफ कड़ी शुरुआती परीक्षा का सामना करना पड़ेगा। चौथी वरीयता प्राप्त यानिक सिनर पहले दौर में बोटिक वैन डे जैंडस्चुल्प से खेलेंगे। सातवीं वरीयता प्राप्त स्टेफानोस सितसिपास अपने शुरुआती प्रतिद्वंद्वी इटली के पूर्व शीर्ष-10 स्टार मातियो बेरेटिनी से भिड़ेंगे।

### महिलाओं में केनिन के खिलाफ अपने अभियान का आगाज करेंगी स्वियातेक

महिला एकल प्रतियोगिता कुछ अविश्वसनीय पहले दौर के मैचों के साथ शुरू होगी, जिसमें विश्व नंबर एक इगा स्वियातेक और पूर्व ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन सोफिया केनिन के बीच 2020 रौलां गैरो फाइनल का रीमैच भी शामिल है। पूर्व ऑस्ट्रेलियन ओपन चैंपियन नाओमी ओसाका और एंजेलिक कर्बर भी अपने संबंधित मातृत्व अवकाश के बाद ग्रैंडस्लैम में वापसी कर रही हैं और उन दोनों के पास उल्लेखनीय नामों के खिलाफ पहले दौर के चुनौतीपूर्ण मैच हैं।

कर्बर शुरुआती दौर में 2022 की फाइनलिस्ट डेनिएल कॉलिंस से खेलेंगी और विजेता को दूसरे दौर में स्वियातेक और केनिन से भिड़ना होगा। पिछले साल की ऑस्ट्रेलियन ओपन उपविजेता और विश्व की तीसरे नंबर की खिलाड़ी एलेना रिबाकिना का सामना शुरुआती दौर में पूर्व विश्व नंबर एक कैरोलिना प्लिस्कोवा से होगा। पांचवीं वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला पहले दौर में क्वालिफायर खिलाड़ी से खेलेंगी। अमेरिकी खिलाड़ी कोको गॉफ पहले दौर में अन्ना करोलिना श्मीडलोवा से भिड़ेंगी। मौजूदा विजेता और दूसरी वरीयता प्राप्त आर्यना सबालेंका ड्रॉ में सबसे नीचे हैं।

### कांउटी टीम खरीदने का प्रयास कर रही दिल्ली कैपिटल्स

**लंदन ।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टीम दिल्ली कैपिटल्स टीम अब इंग्लिश काउंटी क्रिकेट में भी अपनी पहुंच बनाने में लगी है। इसके लिए वह काउंटी टीम हैंपशर में हिस्सा खरीदने का प्रयास कर रही है। माना जा रहा है कि हैंपशर के पूर्व अध्यक्ष रॉड ब्रांसग्रोव दिल्ली कैपिटल्स के सह मालिक जीएमआर समूह को यह काउंटी टीम बेचने के लिए अनुबंध कर सकते हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार, 'हैंपशर काउंटी क्रिकेट क्लब के अधिकांश शेयरों के मालिक अब दिल्ली कैपिटल्स टीम के सह मालिक को अपना हिस्सा बेचने के लिये बातचीत में लगे हैं। अगर ये करार होता है तो हैंपशर पहली काउंटी टीम होगी जिसका मालिकान हक किसी विदेशी के पास होगा। माना जा रहा है कि इंग्लैंड में 'द हंड्रेड टूर्नामेंट की बढ़ती लोकप्रियता से भी जीएमआर समूह को लाभ मिलेगा और वह टीम अपने खिलाड़ियो को इस प्रकार के प्रारुप के लिए बेहतर तरीके से तैयार कर सकेगी।

# खतरनाक है काली खांसी अपनाएं ये घरेलू नुस्खे

काली खांसी एक श्वसन संबंधी बीमारी है। माना जाता है कि काली खांसी बच्चों की बीमारी है लेकिन ऐसा नहीं है। यह बड़ों को भी हो जाती है। यह खतरनाक बीमारी है क्योंकि यह संक्रामक होती है यानी इस बीमारी के वायरस हवा के जरिये एक इंसान से दूसरे तक पहुंचते हैं। यह खांसी रात और दिन में बढ़ जाती है। कई बार खांसते-खांसते दम फूलने लगता है। आंखें लाल हो जाती हैं। इस खांसी को कुक्कुर खांसी भी कहते हैं। खांसी शुरू होने के लगभग 2 सप्ताह तक संक्रमित लोग सबसे ज्यादा संक्रामक होते हैं। एंटीबायोटिक्स इसके संक्रमण से काफी हद तक बचाता है।



## काली खांसी के लक्षण

### प्रारंभिक

बीमारी आम तौर पर ठंड की तरह के लक्षणों से शुरू होती है। हल्की खांसी या बुखार हो सकता है। शिशुओं में, खांसी कम या नहीं भी हो सकती है। काली खांसी बच्चों के लिए सबसे खतरनाक है। 1 वर्ष से कम उम्र के करीब आधे बच्चों को अस्पताल में देखभाल की जरूरत पड़ती है। प्रारंभिक लक्षण 1 से 2 सप्ताह तक रह सकते हैं।

### बाद के चरण के लक्षण

1 से 2 सप्ताह के बाद और जैसे-जैसे बीमारी बढ़ती है, काली खांसी के पारंपरिक लक्षण दिखाई देते हैं। इसमें लगातार आवाज के साथ बहुत तेज खांसी, तीव्र खांसी, खांसी के दौरान या बाद में उल्टी होना, खांसी के दौरे होने के बाद थकावट।

### एक जीवाणु है खांसी की वजह

यह संक्रामक बीमारी है जो कि एक प्रकार के जीवाणु से उत्पन्न होती है। इस जीवाणु को बोर्डेटेला पर्ट्रुसिसि कहते हैं। ये बैक्टीरिया ऊपरी श्वसन प्रणाली के सिलिया से जुड़ जाता है। जीवाणु विषाक्त पदार्थ बनाते हैं, जो कि सिलिया झिल्ली को नुकसान पहुंचाता है, वायुमार्ग में सूजन करते हैं। ये जीवाणु रोगी को छूने, साथ खाने, उसकी खांसी के संपर्क में आने से भी हो सकता है।

**लहसुन :**लहसुन सर्दी, जुकाम और खांसी के इलाज के लिए फायदेमंद है। काली खांसी से छुटकारे के लिए लहसुन की 5-6 कलियों को छीलकर बारीक काट लें। उन्हें पानी में उबाल लें। इस पानी से भाप लें। रोज ऐसा करने से 8-10 दिन में काली खांसी खत्म हो जाती है।

**तुलसी के पत्ते:** काली खांसी से राहत के लिए तुलसी के पत्तों और काली मिर्च को बराबर मात्रा में पीस लें। इस मिश्रण की छोटी-छोटी गोलियां बना लें। इसे दिन में तीन बार चूसें। ये गोलियां खांसी को मिटाकर गला साफ कर देती हैं।

**बादाम :** बच्चों की काली खांसी खत्म करने के लिए तीन-चार बादाम रात में पानी में भिगाकर रख दें। सुबह बादाम के छिलके उतार लें। इसे एक कली लहसुन और थोड़ी सी मिश्री के साथ पीस लें। तैयार पेस्ट की छोटी-छोटी गोलियां बनाकर बच्चे को खिलाएं। इससे खांसी में आराम मिलेगा। काली खांसी के लक्षण आमतौर पर 5-10 दिनों के भीतर संक्रमित होने के बाद विकसित होते हैं। कभी-कभी काली खांसी के लक्षण 3 सप्ताह तक विकसित नहीं होते हैं।



लड़की भले ही कोई मेकअप ना करें लेकिन होंठों पर लगा अच्छा लिप शेड ही अट्रैक्टिव लुक दे देता है। लिपस्टिक से न केवल चेहरे का लुक बदलता है, बल्कि चेहरे पर अलग सी चमक आने लगती है लेकिन अक्सर हम अपनी स्किन टोन को नजरअंदाज कर देते है और कोई भी लिपस्टिक होंठों पर लगा लेते है। फिर चाहें चेहरे पर सूट करे भी या नहीं। आज हम डस्टी स्किन की बात कर रहे है। आपकी स्किन भी डस्टी है तो हम आपको बताएंगे कि आपकी स्किन पर कौन सा लिप शेड्स सूट करेगा।

लिपस्टिक लगाने से लुक में चेंज होने के साथ-साथ पर्सनेलटी में भी निखार आता है। आप अपने मेकअप और ड्रैसअप के साथ थोड़ा अलग और ट्रैंडी लिप कलर ट्राई करके भी खुद को डिफरेंट लुक दे सकती है। वैसे भी लड़की आजकल अपने लिप कलर के साथ कई तरह के एक्सपेरिमेंट्स करके खुद को यूनिक लुक देती है। आज हम आपको ऐसे ही कुछ सबसे ज्यादा पसंद किए जाने वाले लिप कलर के बारे में बताने जा रहें है। आप इन्हें किसी पार्टी, फंक्शन या मैरिज पर भी ट्राई कर सकती है।

### लिक्विडिटेड शाइन लिपस्टिक

किसी पार्टी या फंक्शन में बॉल्ड और शाइनी लुक पाने के लिए लिक्विडिटेड शाइन लिपस्टिक बेस्ट है।

### न्यूड लिप कलर

कॉलेज, ऑफिस या पार्टी पर जाने के लिए आप ल्यू ओरियल पेरिस मैट न्यूड लिपस्टिक भी लगा सकती हैं। इस लिप करल से आपको नेचुरल लुक मिलेगा।

### चैरी लिप कलर

शादी में, हैलोवीन, कॉकटेल पार्टी, में बोल्ड और ग्लैमरस लुक के लिए चैरी लिप कलर बढ़िया है।

### बटरलिप कलर

सिंपल और एलेगेंट लुक पंसद करने वाली लड़कियों के लिए इस तरह के लिप कलर बेस्ट है।

### रेड लिप कलर

रेड लिप आजकल ट्रैंड में है। इस कलर को आप किसी भी स्किन शेड को साथ लगा सकते है। इससे आपको प्रिटी लुक मिलेगा। आप अपने सूट के साथ मैचिंग लिप शेड लगाना पसंद करती है तो ब्रिक रेड कलर ट्राई करें। यह आपको खूबसूरत लुक देगा।

### ब्राउन लिप कलर

आप अपनी किसी भी ड्रैस के साथ इस बोल्ड ब्राउन कलर को भी ट्राई कर सकती है। यह आपकी सुंदरता को और भी बढ़ा देगा।



## इस तरह करें लिप कलर्स का इस्तेमाल

### लिप शेड

अगर आप भी अपने होंठों को सेक्सी लुक देना चाहते है तो बोल्ड लिप कलर्स का इस्तेमाल करके आप उनको ओर भी खूबसूरत बना सकती है। ज्यादा डार्क कलर्स का इस्तेमाल रात को या ईवनिंग पार्टीस में ही करें और दिन में लाईट कलर्स का इस्तेमाल ही करना चाहिए। अगर आप चाहती है कि होंठों पर ज्यादा देर तक लिप कलर टिका रहा तो लिप कलर लगाने से पहले होंठों पर सबसे पहले पाऊडर या मिनरल फाउंडेशन का इस्तेमाल करें।

» लिप कलर्स लगाने से पहले हमेशा लिपलाइनर का इस्तेमाल करें इससे आपके होंठों को एक अलग शेप मिल जाएगी और आपके होंठ ओर भी आकर्षित दिखाई देगे और लिप लाइनर का इस्तेमाल करने से लिप्स की शेप उभर कर आती है।

»अगर आपको गोल्डन ड्रेस पहननी हो, तो आप ब्राइट रेड लिप कलर का इस्तेमाल भी कर सकती है। सोने से पहले लिप कलर को जरूर रिमूव करें क्योंकि इसमें मौजूद केमिकल आपके होंठों को नुकसान पंहुचा सकते है।

### डीप रेड लिप कलर

इस रेड लिप कलर में आप अपने होंठों को ग्लैमरस लुक दे सकते है। यह लुप शेड सभी स्किन टोन पर सूट करता है और बोल्ड लुक देता है।

### कॉरल लिप कलर

कॉरल लिप कलर, डस्टी स्किन की खूबसूरती को उभारने का काम करता है। अगर आपने लिपस्टिक कलैक्शन में ज्यादा से ज्यादा लिप कलर रखना चाहती है तो इस लिप कलर को भी ट्राई करें।

### बरगंडी लिप कलर

» यह लिप कलर डस्टी स्किन को बोल्ड लुक देगा। अगर आपकी स्किन भी ऐसी है तो बरगंडी लिपस्टिक कलर ट्राई करें।

### -मोव पिंक

कॉलेज पार्टी, ऑफिस फकशन, इंवेंट्स में अट्रैक्टिव लुक पाने के लिए ट्राई करें मोव पिंक। इस कलर से आपको पार्टी में ग्लैमर लुक मिलेगा।मौवे पिंक लिप कलर वैसे तो हर स्किन टोन पर सूट कर जाता है लेकिन डस्टी स्किन वाली लड़कियों के लिए यह बैस्ट आप्शन है।

# ये आसान उपाय चुटकी में दूर करेंगे डैंड्रफ



डैंड्रफ बहुत ही कॉमन स्काल्प की समस्या है। सर्दियों में यह समस्या और भी बढ़ जाती है। यह सामान्य तौर पर त्वचा की ड्राइनेस, बैक्टीरिया या फिर फंगस की वजह से होती है। यहां आप जान सकते हैं डैंड्रफ से बचने के घरेलू और आसान उपाय...

डैंड्रफ सिर गिरने वाले छोटे-छोटे से सफेद रंग के फ्लेक्स होते हैं। थोड़ी मात्रा में डैंड्रफ होना तो नॉर्मल है क्योंकि स्काल्प से डेड स्किन सेल्स निकलती रहती है, मगर कुछ लोगों में यह समस्या बहुत ज्यादा दिखाई देती है।

आपने डैंड्रफ होने की कई वजहें पढ़ीं और सुनी होंगी लेकिन ज्यादातर साइंटिस्ट्स का मानना है कि डैंड्रफ की मुख्य वजह फंगल इंफेक्शन है। हालांकि इसका ट्रीटमेंट नैचरली भी किया जा सकता है।

### लगाएं दही-नींबू का मिक्सचर

नींबू, दही और तेल का मिक्सचर बालों पर हेयर पैक की तरह लगाएं। इसे 15 से 20 मिनट तक लगा रहने दें फिर धो दें। यह प्रक्रिया हर हफ्ते दोहराएं।

### एग योक

अगर अंडा लगाने में आपको दिक्कत नहीं है तो एग योक को इसी तरह से बालों पर लगाकर इसे प्लास्टिक बैग से कवर कर लें। 15 से 20 मिनट तक इसे बालों पर लगा रहने दें फिर बाल अच्छी तरह धो लें।

### शैंपू की जगह बेकिंग सोडा

शैंपू की जगह बाल धोने के लिए बेकिंग सोडा का इस्तेमाल करें क्योंकि यह नैचरल डैंड्रफ रिमूवर होता है।

### विनिगर

बालों पर एपल साइडर विनिगर लगाकर 20 मिनट तक छोड़ दें इसके बाद इसे धो दें।

### होम-मेड नीम पैक

एक चौथाई कप नीम का जूस लेकर इसमें कोकोनट मिल्क और बीटरूट जूस मिलाएं और एक बड़ा चम्मच नारियल का तेल भी मिलाएं। सारी सामग्री को एकसाथ मिलाएं और इसकी स्काल्प पर मसाज करें। 20 मिनट बाद हर्बल शैंपू से धो दें।

### ये उपाय भी हैं काम के

» टी-ट्री ऑइल शैंपू इस्तेमाल करें।

» एक हिस्सा माउथवॉश में 9 हिस्से पानी मिलाकर शैंपू करने के बाद लगा लें। इसे धोएं नहीं।

» ऐलोवेरा जेल में ऐंटी फंगल प्रॉपर्टी होती है, इसे स्काल्प पर लगाएं.

# कार मेनटिनेंस के बेसिक नियम जानना जरुरी

**आप** कार चलाते हैं तो आपको कार मेनटिनेंस के बेसिक्स पता होने चाहिए। इसके लिए कुछ छोटी-मोटी चीजें भी आप ध्यान में रखें और प्रैक्टिस में ले आएं तो बढ़िया रहेगा। आगे क्लिक करके देखें कि कार मेनटेन करने के बेसिक्स हैं क्या...

### छोटी गड़बड़ पर हों अलर्ट

कार में जब भी कोई दिक्कत होने लगे, तुरंत उसे ठीक करवाएं। कार में हल्की फुल्की लगने वाली गड़बड़ी बाद में बड़ी हो जाएगी और तब पैसा भी ज्यादा लगेगा और समय भी।

### सिस्टमैटिक मेनटेनेन्स

सिस्टमैटिक तरीके से कार का मेनटेनेन्स करें। यह ध्यान रखें कि जब भी आप कार का रेग्युलर चेकअप करवा रहे हों तो कार का फ्ल्यूड चेंज करना, इसके अंदर के हिस्सों को ढंग से साफ करना और उसमें प्रॉपर ऑयलिंग करना शामिल है। क्रैक आ चुके पार्ट्स, टूटे या मुड़ चुके पार्ट्स का मतलब है कि उनका ढंग से लुब्रिकेशन नहीं हुआ है।



किसी इंजन का प्रॉपर लुब्रिकेशन उसके बेहतरीन कंडिशन में रखने की पहली शर्त है। हां यह भी ध्यान रखें कि कार में बाइक का लुब्रिकेशन न यूज करें। कंपनियां इस चीज को ध्यान में रखकर प्रॉडक्ट बना रही हैं और पेट्रोल इंजन व डीजल इंजन के लिए अलग-अलग तरह के लुब्रिकेंट्स आते हैं। उसी के मुताबिक प्रॉडक्ट का यूज करें तभी पूरा फायदा मिलेगा।

कार में साफ कपड़ा हमेशा रखें। किसी तरह ही हल्की या छोटी गंदगी भी धीरे-धीरे जम जाती है अंदर। इसलिए, खाने पीने की गंदगी इकट्ठा न होने दें। कपड़े से पोंछ दिया करें।

बाजार में बहुत सारे पॉलिश और ड्राई सीट क्लीनर्स आते हैं। अपने इंटीरियर्स को इससे साफ रखें। क्रोम, वुड, डैशबोर्ड को इस पॉलिश से साफ रखें। इससे कार का नया लुक हमेशा कायम रहेगा।

# शू रैक को ऐसे करें साफ, नहीं जमेगी धूल-मिट्टी



घर के अंदर अगर सबसे ज्यादा धूल मिटटी आती है तो इसकी वजह है हमारे जूते। फैशन के हिसाब से लोग अपनी ड्रैसिस के साथ मैच करते फुटवियर पहनते हैं। जिन्हें संभाल कर रखना कोई आसान काम नहीं। घर के अंदर इधर-ऊधर बिखरे हुए जूते घर को और भी गंदा कर देते हैं। इन्हें आसानी से संभाल कर रखने के लिए शू रैक का इस्तेमाल किया जाता है लेकिन ज्यादा दिनों तक इसे साफ न किया जाए तो महंगे शूज भी खराब हो जाते हैं। शू रैक को आसानी से साफ करने के लिए आप कुछ

### 1. साफ जगह पर रखें

शू रैक को हमेशा साफ जगह पर ही रखें। खुली जगह पर रखने से इस पर धूल-मिट्टी बहुत जल्दी पड़ जाती है। जिससे जूते भी गंदे हो जाते हैं। कोशिश करें कि रैक को हमेशा ढक कर रखें।

### 2. नमी से बचाएं

शू रैक में आप अपने कीमती जूते संभाल कर रखते हैं लेकिन रैक को रखने से पहले इस बात की जांच कर लें कि जगह में नमी न हो। नमी की वजह से लकड़ी के रैक को दीमक लगने का डर रहता है। जिससे जूते भी खराब हो सकते हैं।

### 3. हर हफ्ते करें सफाई

जिस तरह घर की सफाई करनी बहुत जरूरी है उसी तरह हर हफ्ते रैक की सफाई भी करें। इसे फुटवियर और रैक दोनों सुरक्षित रहेंगे।

### 4. लोहे का रैक को ऐसे करें साफ

लकड़ी की बजाय लोहे के रैक की सफाई का खास ख्याल रखना पड़ता है। इसे आसानी से साफ करने के लिए आप शू रैक को साफ करने के लिए बाजार से किट भी ला सकते हैं।

इस रैक को पानी से साफ करने पर जंग लगने का डर रहता है।



### सामग्री

तिल के बीज: 500 ग्राम
खोया: 500 ग्राम
चीनी पाउडर: 500 ग्राम
बादाम: 60 ग्राम
किशमिश: 60 ग्राम
हरी इलायची: 1/2 छोटा चम्मच
तेल: ग्रीस के लिए
बादाम: गार्निश के लिए

### विधि

पैन में 500 ग्राम तिल के बीजों को लाइट बाउन होने तर भून लें। भूननें के बाद इसे ब्लैंडर में डालकर अच्छी तरह ब्लैंड कर लें। दूसरे पैन में 500 ग्राम खोया डालकर हल्का बाउन होने तक पकाएं। इसके बाद इसे ठंडा होने के लिए रख दें। एक बाउल में खोया, 500 ग्राम चीनी पाउडर, ब्लैंड तिल के बीज, 60 ग्राम बादाम, 60 ग्राम किशमिश और 1/2 छोटा चम्मच हरी इलायची डालकर मिक्स करें। अपने हाथों में थोड़ा-सा तेल लगाएं। इसमें से थोड़ा-सा मिक्गर लेकर हाथों से गोलें बना लें। अब इसे बादाम के साथ ग्रानिश करें। आपके तिल खोया के लड्डू बनकर तैयार हैं। अब आप इसे सर्व करें।

मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश शर्मा द्वारा अजय त्यागी के लिए ईको प्रिंटिंग प्रेस, पोस्ट एवं पीएस : गड़चुक, कटाबाड़ी मस्जिद के पास, कामरूप (मेट्रो), गुवाहाटी-35 से मुद्रित एवं **गुड लक पब्लिकेशंस, हाउस नं. 30, डी. नेउग पथ, डोना प्लैनेट के नजदीक, एबीसी, जीएस रोड गुवाहाटी-5 से प्रकाशित।**
**संपादक : राकेश शर्मा,** मोबाइल : 94350-14771, 97070-14771 ● **कार्यकारी संपादक : डॉ. आसमां बेगम ● फोन : 0361-2960054 ( संपादकीय )** e-mail : viksitbharatsamacharghy@gmail.com, **( सभी विवाद सिर्फ गुवाहाटी न्याय क्षेत्र के अधीन )**